डाक पंजीकरण संख्या बी.एस.टी.६२ आर.एन.आई.संख्या ४०३६७/८४ नेट संस्करण www awajdarpan.com पर पढ़ें

साप्ताहिक

# आवाज दर्पण

प्रत्येक रविवार

बस्ती (उ.प्र.) वर्ष ४९ अंक १८ रविवार २१ अप्रैल से २७ अप्रैल २०२४ मूल्य तीन-रुपये

## पहले चरण में कम मतदान को लेकर कयासबाजी तेज

**लखनऊ (आभा)।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण में उत्तर प्रदेश की सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर और नगीना समेत पांचों सीटों पर गिरे मतदान ने सभी राजनीतिक दलों की उलझनें बढ़ा दी हैं। केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान के कारण मुजफ्फरनगर की वीआईपी सीट पर मतदान में आई नौ फीसद मतों की गिरावट भाजपा के उत्साह को कम करने वाली और चिंता ज्यादा बढ़ाने वाली मानी जा रही है। 18 लाख 41 हजार 497 मतदाताओं वाली इस सीट पर 2019 के चुनाव में 68.20 फीसद वोट पड़े थे और संजीव बालियान ने रालोद सुप्रीमो अजीत सिंह को पराजित कर दिया था। अबकी रालोद का समर्थन भाजपा के साथ था और जयंत चौधरी ने बालियान के पक्ष में कई सभाएं कीं। फिर भी मतदान 59.29 फीसद ही हो पाया। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में यूपी की आठ सीटों पर शुक्रवार को मतदान हुआ। इन सीटों पर औसतन 60.25 फीसदी ही मतदान हुआ है। आठ में से पांच सीटों पर तो मतदान 60 फीसदी का आंकड़ा भी नहीं छू सका है। जबकि पिछली बार हर सीट पर 63 प्रतिशत से ज्यादा वोट डाले गए थे। अगर पिछली बार के औसत से तुलना करें तो करीब छह प्रतिशत कम वोटिंग इस बार हुई है। यूपी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिनवा ने शनिवार को बताया कि सहारनपुर सीट पर सबसे ज्यादा 65.95 फीसदी वोट पड़े। रामपुर सीट पर सबसे कम 54. 77 फीसदी मतदान हुआ है। बिजनौर में 58.21 प्रतिशत, कैराना में 61.17 प्रतिशत, मुरादाबाद में 59.32 प्रतिशत, मुजफ्फरनगर में 59.29 प्रतिशत, नगीना में 59.54 प्रतिशत और पीलीभीत में 61. 91 प्रतिशत मतदान हुआ है। यह प्रतिशत 2019 के लोकसभा चुनाव के मुकाबले 5.9 फीसदी कम रहा। 2019 में बिजनौर में 66.15 प्रतिशत, नगीना में 63.64 प्रतिशत, मुरादाबाद में 65.45 प्रतिशत और पीलीभीत में 67.37 प्रतिशत मतदान हुआ था। गठबंधन के सपा उम्मीदवार पूर्व सांसद हरेंद्र मलिक ने जाटों के गांवों में संजीव बालियान को बराबर की टक्कर दी। बसपा के प्रजापति कुम्हार बिरादरी के प्रत्याशी दारा सिंह के पक्ष में दलितों के साथ–साथ अति पिछड़ा वर्ग के लोगों ने भारी मतदान किया। मैदान में कोई भी मुस्लिम उम्मीदवार नहीं होने से मुस्लिम मतों का एकतरफा रूझान सपा के पक्ष में दिखा। इस बार खाप पंचायतें और किसान यूनियन चुनाव में तटस्थ रहे। कैराना लोकसभा सीट पर अबकी 61.



17 फीसद मतदान हुआ। पिछली दफा 67.44 फीसद मतदान हुआ था। इस सीट पर कुल प्रत्याशी14 हैं जिसमें मुख्य मुकाबला मौजूदा भाजपा सांसद प्रदीप चौधरी और गठबंधन की सपा उम्मीदवार इकरा हसन के बीच रहा।

कैराना सीट पर दो–दो प्रमुख दलों ने जमकर चुनाव प्रचार किया लेकिन फिर भी 6.27 फीसद मत प्रतिशत गिरने से स्थिति उलझ गई। दोनों पक्ष अपनी–अपनी जीत के प्रति आश्वस्त हैं। बसपा के ठाकुर श्रीपाल राणा राजपूत बहुल इलाकों में ज्यादा सक्रिय रहे। हालांकि राजपूत समुदाय ने इकरा हसन को समर्थन दिया था लेकिन बसपा उम्मीदवार भी अपनी बिरादरी में हस्सेिदारी करते दिखे। कुछ स्थानों पर भाजपा ने भी राजपूतों का समर्थन मिलने का दावा किया। बिजनोर लोकसभा सीट पर भी मतदान प्रतिशत छह फीसद गिरा। अबकी 58.21 फीसद वोट पड़े। पिछले चुनाव में 66.15 फीसद वोट पड़े थे। इस सीट पर 17 लाख 38 हजार 307 मतदाता हैं और 11 प्रत्याशी मैदान में हैं। पहले चरण में बिजनौर अकेली सीट है जहां से रालोद उम्मीदवार चुनाव लड़े हैं। मीरापुर के विधायक और रालोद के युवा मोर्चे के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंदन चौहान का मुकाबला सपा के दीपक सैनी और बसपा के चौधरी वीरेंद्र सिंह से हुआ। रालोद को भाजपा का समर्थन मिलने से चंदन चौहान ने शानदार प्रदर्शन किया जबकि मुस्लिम और दलित वोट सपा उम्मीदवार दीपक सैनी और बसपा उम्मीदवार चौधरी वीरेंद्र सिंह में बंट गए। मौजूदा सांसद मलूक नागर टिकट ना मिलने से मैदान से बाहर रहे। हालांकि वह लोकदल में शामिल हो गए थे लेकिन पूरे चुनाव के दौरान बिजनौर क्षेत्र में दिखाई नहीं दिए। चंदन चौहान के पक्ष में यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदत्यिनाथ, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायाब सैनी और रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी ने सभाएं की थीं। चंदन चौहान के चुनाव में उनकी पत्नी याशिका चौहान स्टार प्रचारक की भूमिका में रहीं। तीनों प्रमुख उम्मीदवारों चंदन चौहान, दीपक सैनी और चौधरी वीरेंद्र सिंह का यह पहला लोकसभा चुनाव था। चंदन चौहान एक अनुभवी नेता की तरह सधा हुआ चुनाव लड़े।

नगीना सुरक्षित सीट पर चार फीसद कम वोट पड़े। अबकी 59.54 फीसद वोट पड़े जबकि 2019 में 63.64 फीसद वोट पड़े। इस सीट पर 16 लाख 44 हजार 909 मतदाता हैं और कुल प्रत्याशी मैदान में छह हैं। तीन बार के भाजपा विधायक ओम कुमार, सेवानिवृत्त एडीजे मनोज कुमार और बसपा के सुरेंद्र कुमार और आजाद समाज पार्टी के चंद्रशेखर आजाद प्रमुख उम्मीदवार रहे। चंद्रशेखर आजाद वीआईपी होने के कारण यहां आकर्षण का केंद्र बने रहे। उन्होंने दलित और मुस्लिम दोनों वर्गों को जमकर लुभाया।

## सोलर पम्प के लिये धोखाधड़ी करने वालों से रहे सावधान

**संवाददाता–बस्ती ।** जनपद के कृषको द्वारा कृषि विभाग के पोर्टल पर सोलर पम्प की बुकिंग करायी गयी है। उक्त जानकारी देते हुए उप निदेशक, कृषि अशोक कुमार गौतम ने बताया है कि सोलर पम्प हेतु कृषको के चयन एवं टोकन कन्फर्म करने की आनलाइन व्यवस्था है, जो पूरी तरह से पारदर्शी है एवं टोकन कन्फर्म करने के पश्चात् कृषि विभाग के पोर्टल पर उनके पंजीकृत मोबाइल नम्बर पर मैसेज कृषि विभाग की तरफ से जाता है। तत्पश्चात् कृषको द्वारा चालान जनरेट करने के बाद ही आनलाइन/आफलाइन धनराशि जमा की जाती है। उन्होने बताया कि कुछ फर्जी संस्थाओं/व्यक्तियों द्वारा कृषको को फोन किया जा रहा है अथवा कृषि विभाग के संदेश के समतुल्य संदेश भेजा जा रहा है कि आपको अधिकतम सब्सिडी की सुविधा दी जा रही है तथा आपसे कृषक अंशदान कम लिया जा रहा है, आप कृषक अंश की धनराशि इण्डियन, एस.बी.आई. एन.एस.डी.एल. एवं अन्य बैंकों के खातों में जमा करने का संदेश भेजा जा रहा है। उन्होने जनपद के समस्त सोलर पम्प बुकिंग कृषको से अपील किया है कि इस तरह से फोन के माध्यम से दूरभाष पर बात कर धनराशि जमा करने हेतु कहने वालों से सतर्क रहें।

## यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम में बेटियों ने फिर मारी बाजी




**प्रयागराज (आभा)।** यूपी बोर्ड के दसवीं और 12वीं का परिणाम शनिवार को घोषित हो गये। माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) के सचिव दिव्यकांत शुक्ला ने प्रयागराज स्थित 12वीं में कुल 82.60 फीसदी छात्र पास हुए हैं। जिसमें 12वीं की बोर्ड परीक्षा में शुभम वर्मा ने टॉप किया है। शुभम वर्मा ने 97.80: अंक हासिल किए हैं, वर्मा सीतापुर के सीता बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज महमूदाबाद के छात्र हैं। सीतापुर की ही रहने वाली प्राची निगम ने हाईस्कूल में टॉप किया है। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट दोनों में सीतापुर के बने टॉपर हैं। प्राची के 600 में से 591 नंबर आए हैं। उनके 98.50 प्रतिशत अंक आए हैं।

झांसी में हाईस्कूल में कशिश और इंटरमीडिएट में हरिदत्त ने जिला टॉप किया है। हाईस्कूल के उत्तीर्ण प्रतिशत में जिले का 44वां और इंटरमीडिएट में 72वां स्थान आया है।

सरस्वती बाल विद्या मंदिर की कशिश पाल 96 फीसदी अंक लाकर हाईस्कूल की जिला टॉपर बनी हैं। वहीं, 95.83 प्रतिशत अंक पाकर ज्ञान स्थली पब्लिक स्कूल के आशीष कुमार और सरस्वती ज्ञान मंदिर इंटर कॉलेज केकेपूरी की प्रतिभा कुशवाहा दूसरे, 95.67 प्रतिशत अंक पाकर सरस्वती बाल विद्या मंदिर की अश्का साहू तीसरे स्थान पर हैं। वहीं, इंटरमीडिएट में ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल के हरिदत्त राजपूत ने 94.80 प्रतिशत अंक पाकर जिला टॉप किया है। इसी तरह श्री लक्ष्मण दास इंटर कॉलेज मऊरानीपुर के कपिल और आलोक नायक ज्योतिबा राव फुले इंटर कॉलेज बामनुआ की शिवानी 94.20 फीसदी अंक लाकर दूसरे, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मऊरानीपुर के अभय प्रताप सिंह और जय बजरंग विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सकरार के विशाल सिंह चौहान 94 फीसदी अंक पाकर तीसरे पायदान पर हैं।

सीएम योगी ने एक्स पर लिखा, 'माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ.प्र. की 10वीं व 12वीं कक्षा की परीक्षाओं में उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और गुरुजनों को हार्दिक बधाई! आप सभी श्नए उत्तर प्रदेश श् का स्वर्णिम भविष्य हैं। ऐसे ही परिश्रम, लगन और धैर्य के साथ आप सभी जीवन की हर परीक्षा में सफल हों, यही कामना है। माँ शारदे की कृपा आप सभी पर सदैव बनी रहे!।

यूपी बोर्ड के हाईस्कूल में बेटियों ने प्रदेश में नाम रोशन किया है। गोपालपुर निवासी दीपका सोनकर पिता शिवकुमार ने 98.33 प्रतिशत अंक अर्जित करके प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। वहीं तनुश्री पिता धीरेंद्र प्रकाश ने 97.5 प्रतिशत अंक अर्जित छठवीं, हुसैनगंज निवासी अर्पिता साहू पिता सुभाष साहू ने सातवीं और गांव मानपुर निवासी तनु देवी विश्वकर्मा पिता रामबाबू ने प्रदेश में 583 अंक प्राप्त कर प्रदेश की टाप टेन सूची में आठवीं रैंक बनाई है। ये सभी छात्राएं मुस्तफापुर के एसएस इंटर कॉलेज में पढ़ती हैं। टॉप 10 मेरिट लिस्ट में अलीगढ़ जिले से दो विद्यार्थियों ने स्थान हासिल किया है। उतीर्ण होने वाले छात्र और छात्राओं में खुशी की लहर दौड़ गई है। यूपी बोर्ड द्वारा जारी मेरिट लिस्ट के अनुसार अलीगढ़ जिले से दो विद्यार्थियों ने जिले का नाम रोशन किया है।

हाईस्कूल में प्रदेश की टॉप टेन सूची में सीतापुर का जलवा दिया। केवल दूसरे स्थान को छोड़कर अन्य एक से 10वें स्थान तक सीतापुर के विद्यार्थियों ने अपना कब्जा जमाया है। प्रार्ची निगम 591 अंकों के साथ प्रदेश में टॉपर बनी। नव्या सिंह 98 फीसद के तीसरे स्थान पर रहीं। वैष्णवी 97. 83 फीसद के साथ चौथे नंबर पर रहीं। अंशिका वर्मा और सोनम पाठक 586 के साथ पांचवें नंबर पर रहीं। वर्तिका सोनी और मांशी पोरवाल 585 के साथ छठे नंबर, अंशी मौर्या, कुलसुमा जहां और गौरी सिंह 584 के साथ सातवें नंबर पर रहीं। अग्रमय मौर्या, लकी राज, रिया वर्मा, हर्षित वर्मा, संजय, शिखा वर्मा 583 अंकों के साथ आठवें नंबर पर रहीं। 582 अंकों के साथ 9वें नंबर पर हेमंत वर्मा, मंजू वर्मा, गोल्डी वर्मा रहे। 10वें नंबर पर अर्पणा गुप्ता, अभिषेक कुमार, लवलेश कुमार, सगुन पटेल, नंदनी कुमारी ने 581 अंक अर्जित किए।

सीधा साधा सच्चा लिख,जो भी लिख, पर पक्का लिख।
मत लिख इनके–उनके जैसा, केवल अपने जैसा लिख।।

– *बालसोम गौतम*


डाक पंजीकरण संख्या बी.एस.टी.62 **R.N.I.** 40367/84

साप्ताहिक
**आवाज दर्पण**
प्रत्येक रविवार

## खाद्य उत्पादों के हथकंडे

हाल के दिनों में देश में आई जागरूकता के चलते कई ऐसे खुलासे हुए हैं, जिसमें बहुराष्ट्रीय खाद्य उत्पादों के हथकंडों का पता चला है। जिन खाद्य उत्पादों को दशकों से बच्चों की सेहत का राज बताया जा रहा था, परीक्षणों में पाया गया कि तेज मीठे की लत डालकर बच्चों को स्थायी ग्राहक बनाया जा रहा था। जांच के बाद सरकार ने बॉर्नविटा को सेहतवर्धक बताने वाले प्रचार को रोकने के लिये कहा था। अब इस कड़ी में बहुराष्ट्रीय कंपनी नेस्ले ने सफाई दी है कि उसके शिशु आहार उत्पादों में चीनी की मात्रा घटाई गयी है। यानी इससे पहले बच्चों को इस उत्पाद की आदत डालने के लिये भारत में इसमें अधिक चीनी की मात्रा मिलायी जा रही है। दरअसल, हाल ही में एक स्विस स्वयं सेवी संगठन 'पब्लिक आई' और इंटरनेशनल बेबी फूड एक्शन नेटवर्क के निष्कर्षों से खुलासा हुआ कि नेस्ले कंपनी ने यूरोप के अपने बाजारों की तुलना में भारत तथा अन्य विकासशील देशों, अफ्रीका व लैटिन अमेरिकी देशों में अधिक चीनी वाले शिशु उत्पाद बेचे। नेस्ले इंडिया का दावा है कि उसने अब अपने उत्पादों में तीस फीसदी तक चीनी की कटौती की है। उल्लेखनीय है कि यह कंपनी नेस्कैफे, सेरेलैक व मैगी जैसे चर्चित उत्पादों का कारोबार करती है। इस बहुराष्ट्रीय कंपनी का रवैया कितना भेदभावपूर्ण व दुराग्रह से भरा हुआ है कि छह महीने के बच्चों को दिया जाने वाला नेस्ले का गेहूं पर आधारित उत्पाद सेरेलैक ब्रिटेन तथा जर्मनी में बिना किसी अतिरिक्त चीनी के बेचा जाता है। लेकिन भारत में सेरेलैक के 15 उत्पादों के अध्ययन के बाद खुलासा हुआ है कि एक बार के खाने में औसतन 2.7 ग्राम चीनी थी। अन्य विकासशील देश फिलीपीन्स में चीनी की मात्रा 7.3 ग्राम पाई गई। ऐसा शिशुओं को इसकी लत लगाने और लागत घटाने के मकसद से किया गया। जो निश्चित रूप से शिशुओं के जीवन से खिलवाड़ ही है। जिससे कई तरह के रोगों का भी जन्म होता है। यह विडंबना ही है कि उपनिवेशवाद के चलते पूरी दुनिया का शोषण करने वाले यूरोपीय व पश्चिमी देश लोकतांत्रिक स्वरूप वाले विश्व में भी व्यापारिक हथकंडों के जरिये विकासशील देशों का दोहन कर रहे हैं। दरअसल, खाद्य पदार्थों व शीतल पेयों में अधिक चीनी व नमक के जरिये युवाओं को भी इन उत्पादों की लत लगाई जाती है। इससे उन्हें एक अलग से खुशी का अहसास होता है। जिससे कालांतर गैर संक्रमणीय रोगों का खतरा बढ़ जाता है। इस अस्वस्थ खाना–पान से कई रोग उत्पन्न होते हैं। इन स्वास्थ्य समस्याओं में वजन बढ़ना, मोटापा और कालांतर मधुमेह जैसे रोग हो सकते हैं। इसी तरह शीतल पेय, डिब्बा बंद जूस तथाकथित एनर्जी ड्रिंक्स तथा बिस्कुट में चीनी की मात्रा काफी अधिक होती है। इन उत्पादों की गिनती अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड के रूप में होती है। हाल के दिनों में एक ब्रिटिश जनरल में खुलासा हुआ कि ऐसे खाद्य पदार्थों से उम्र पर भी नकारात्मक असर पड़ता है। भारतीय चिकित्सक खुलासा कर रहे हैं कि यदि आपकी डाइट में अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड की मात्रा दस प्रतिशत से ज्यादा होती है तो व्यक्ति के शरीर में कैंसर, मधुमेह, हृदय रोग व अवसाद जैसे रोग उत्पन्न हो सकते हैं। भारत में हाल के दिनों में इन रोगों से ग्रस्त लोगों की संख्या में तेजी से विस्तार हुआ है। इस संकट का समाधान तभी हो सकता है जब हम देश में उपभोक्ताओं को जागरूक करें। साथ ही हर उत्पाद में इस बात का उल्लेख होना चाहिए कि किसी खाद्य या पेय पदार्थ में कितनी मात्रा में नमक या चीनी का उपयोग किया गया है। यदि कम शर्करा वाली वस्तु है तो स्पष्ट होना चाहिए कि यह मात्रा कितना रखी गई है। दरअसल, इन उत्पादों में चीनी–नमक की मात्रा की निगरानी वाले तंत्र को मजबूत बनाने की जरूरत है। साथ ही देश में ऐसे प्रयोगशालाओं की स्थापना हर राज्य में की जाए जो लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाले उत्पादों की जांच–पड़ताल कर सके। साथ ही दोषी पाये जाने वाली कंपनियों पर कठोर कार्रवाई की भी व्यवस्था होनी चाहिए।

# दवा नियामकों के कामकाज की समीक्षा हो



–दिनेश सी. शर्मा–



पतंजलि आयुर्वेद के विज्ञापनों की तार्किकता को लेकर सर्वोच्च न्यायालय में जारी कानूनी लड़ाई ने अनेकानेक कारणों से काफी जिज्ञासा जगाई है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पतंजलि के कर्ता–धर्ताओं बाबा रामदेव और बालकृष्ण को अदालत की अवमानना के लिए निजी तौर पर पेश होकर बार–बार माफी मांगने पर जोर देना अभूतपूर्व है। इस मामले में अंतिम फैसला अभी आना बाकी है लेकिन अब तक हुई सुनवाई से तमाम संबंधित पक्ष यानी दवा निर्माता, नियामक, सरकार और सबसे ऊपर, उपभोक्ता के लिए कई अहम सबक सीखने को हैं।

इस मामले के केंद्र में है दवा एवं जादुई उपचार (एतराज योग्य विज्ञापन) कानून 1954, दवा एवं प्रसाधन कानून–1940 और तत्पश्चात 1945 में बनाए नियम। 1954 में बना कानून कुछ दवाओं के विज्ञापन पर रोक लगाता है और कुछ स्थितियों में दवाओं का प्रचार कैसे किया जाए, इसको नियंत्रित करता है। जिन रोगों के इलाज को लेकर विज्ञापन देने पर रोक है उनमें कैंसर, मधुमेह, बच्चा न होना, एड्स, मोटापा, समय पूर्व बुढ़ापा, अंधता इत्यादि हैं। यह कानून विशेष तौर पर उन भ्रामक विज्ञापनों के लिए है जिनमें रोग को ठीक करने हेतु चमत्कारी इलाज या किसी दवा की प्रभावशीलता को लेकर झूठे अथवा बढ़ा–चढ़ाकर किए दावे हों। यह कानून केंद्र सरकार को इन प्रावधानों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने की शक्ति प्रदान करता है। भारत में दवाएं, प्रसाधन, मेडिकल उपकरण और अन्य संबंधित उत्पादों का उत्पादन, वितरण और बिक्री के लिए 1940 का कानून और इसके अंतर्गत बनाए गए नियम, मुख्य प्रावधान हैं।

पतंजलि का अपने अनेकानेक जड़ी–बूटी आधारित उत्पादों के बारे में दावा है कि इनसे रोग पूरी तरह 'ठीक' हो जाते हैं, इनमें डायबिटीज, थायरॉयड समस्या और यहां तक कि कैंसर भी शामिल है। कोविड–19 महामारी के दौरान, इसने कोरोनिल नामक उत्पाद जारी किया और कोविड 'ठीक' करने का दावा किया। इस उत्पाद की लॉन्चिंग में तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन भी उपस्थित थे। जब इसकी प्रभावशीलता को लेकर सवाल उठे तो मार्किटिंग पैंतरे के तहत दावे को 'उपचार' से 'प्रबंधन' बताना शुरू कर दिया। अनेकानेक रोगों को ठीक करने का दावा करते अपने विज्ञापनों में पतंजलि संस्थान इलाज की आधुनिक मेडिकल व्यवस्था को निशाना बनाने लगा। यह कहकर कि उसके पास ठीक करने वाला कोई इलाज नहीं है। इसने न केवल स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को असहज किया बल्कि भारतीय मेडिकल संगठन (आईएमए) को भी। इन्होंने पतंजलि आयुर्वेद को दो दवा कानूनों के उल्लघंन करने के लिए अदालत में घसीटा, जहां पर पतंजलि को चेतावनी मिली। तथापि, अदालत की सरासर अवमानना करते हुए, इस संस्थान ने अपने भ्रामक विज्ञापन जारी रखे।

दवाओं, उपायों और स्वास्थ्य से संबंधित भ्रामक विज्ञापन एक बड़ी समस्या है और इस काम में पतंजलि आयुर्वेद ही एकमात्र नहीं है। भारत भर में अखबार और टेलीविजन चौनल (एक विशेष वक्त पर) पर ऐसे विज्ञापनों और प्रायोजित सामग्री की भरमार है, जिनमें हरेक रोग के इलाज और उपचार को लेकर बड़े–बड़े दावे किए जाते हैं, फिर चाहे यह कब्ज हो या हृदय रोग। ऑनलाइन मंच जैसे कि यू–ट्यूब, इंस्टाग्राम और फेसबुक पर ऐसे चिकित्सकों, कंपनियों की बाढ़ आई हुई है और यह करना कानून का पूरी तरह उल्लंघन है। तथाकथित सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स भी संभावित खतरनाक स्वास्थ्य उत्पादों के प्रचार में शामिल हो गए हैं। हालांकि, बड़ी दवा कंपनियां भी सीधे ढंग से विज्ञापन देने से बचती हैं लेकिन उन्होंने भी चोर रास्ते निकाल रखे हैं, जिसमें पैसे देकर बनवाई–चलवाई खबरें, मेडिकल सम्मेलनों को प्रायोजित करना और चिकित्सकों को अपनी दवाएं लिखने की एवज में उपहार देना इत्यादि शामिल है। कुछ साल पहले, स्वयं भारतीय मेडिकल संघ पर कुछ उत्पादों की प्रभावशीलता और नैतिकता संबंधी पक्ष पर ध्यान दिए बिना उनका अनुमोदन करने का इल्जाम लगा था।

हम लोग इस स्थिति में इसलिए नहीं हैं कि हमारे कानून नाकाफी या नख–दंतहीन हैं। बल्कि इसलिए हैं क्योंकि सरकार द्वारा इनकी अनुपालना करवाने में ढीलढाल की जाती है। नियामक एवं नियंत्रण करने वाले संस्थानों ने मुंह फेरना तय कर रखा है। कानून भी पुराने पड़ चुके हैं और इनमें समय–समय पर सुधार नहीं किया गया। इनकी प्रासंगिकता को लेकर बनी अनेक कमेटियों ने इन्हें और अधिक कड़ा बनाने की जरूरत बताई है। बेशक बदलाव की प्रक्रिया में समय लगता है किंतु वर्तमान प्रावधानों का सर्वश्रेष्ठ उपयोग न करने के पीछे क्या वजह है। लेखक ने वर्ष 2008 में रामदेव द्वारा एचआईवी–एड्स को लेकर किए दावों पर सवाल उठाए थे। अम्बुमणि रामदॉस जो कि स्वयं प्रशिक्षित चिकित्सक हैं और तत्कालीन केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री थे, ने रामदेव को इस बाबत मंत्रालय से नोटिस भी जारी करवाया था। लेकिन जल्द ही उन्होंने भी यू–टर्न लिया और गुरुग्राम में रामदेव द्वारा आयोजित योग शिविर में भाग लिया, वहां रामदेव ने फिर से एचआईवी–एड्स को ठीक करने के अपने दावे दोहराए। बृंदा करात, जो उस वक्त मार्क्सवादी पार्टी से सांसद थीं, उन्होंने भी उत्तराखंड सरकार से भ्रामक विज्ञापनों का मसला उठाया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

मौजूदा मामले में, केंद्र और राज्य सरकार नियामक एजेंसियों ने अपनी कार्रवाई में ढिलाई बरती है और आपसी मिलीभगत से पतंजलि को अतिरंजित विज्ञापन देने की खुली छूट दिए रखी। केरल के स्वास्थ्य एवं आरटीए कार्यकर्ता डॉ. बाबू केवी ने पतंजलि के खिलाफ सिलसिलेवार शिकायतें दर्ज करवाई हैं, उन्होंने पहले उत्तराखंड सरकार के राज्य लाइसेंस प्राधिकरण को लिखा कि वह बताए गए विज्ञापनों को हटवाए, लेकिन न तो पतंजलि आयुर्वेद ने अपना रवैया बदला और न ही उस पर कोई कार्रवाई की गई जबकि विभाग के पास अमल करवाने की शक्ति है। इतना ही नहीं, बल्कि प्राधिकरण ने पतंजलि को चोर रास्ता भी मुहैया करवाया। पतंजलि आयुर्वेद को जारी किया नोटिस 1954 के कानून के तहत न होकर दवा एवं प्रसाधन कानून की एक धारा विशेष के अंतर्गत बनाया गया, जिसको लेकर मुंबई उच्च न्यायालय में मामला पहले से लंबित है। पतंजलि आयुर्वेद ने इस कानूनी केस का हवाला देकर आड़ ली और अपना काम जारी रखा। उक्त नियम 2018 में एक संशोधन के जरिए जोड़ा गया था। इसके तहत स्वास्थ्य संबंधी दावों पर विज्ञापन जारी करने से पहले संबंधित विभाग से अनुमति लेना जरूरी है। खाद्य उत्पादों के विज्ञापनों में मशहूर हस्तियों द्वारा प्रचार एक अन्य मुख्य चुनौती है। इस मामले में भी, खाद्य सुरक्षा नियामक का रुख ढीला–ढाला है। न्यूट्रास्यूटिकल्स और फूड सप्लीमेंट वह समस्या क्षेत्र है, जिस पर फौरी ध्यान देने की जरूरत है। मीडिया परिदृश्य के बदले स्वरूप और विज्ञापन के सीधे एवं असीधे ढंग के मद्देनजर हमें दवाओं, खाद्य उत्पाद और सप्लीमेंट्स से संबंधित विपणन और विज्ञापनों पर बने तमाम कानून एवं नियमों की बृहद पुनर्समीक्षा करनी होगी। इसमें भारतीय चिकित्सा पद्धति भी शामिल है। भ्रामक विज्ञापन, दावों और संभावित खतरनाक उत्पादों के प्रचार में मशहूर हस्तियों द्वारा अनुमोदन पर बने कानून को और कड़ा करना भी जरूरी है। केंद्रीय एवं राज्यों के खाद्य एवं दवा नियामकों के कामकाज की समीक्षा होनी चाहिए। उन्हें यथेष्ट संसाधन मुहैया करवाए जाएं। पतंजलि आयुर्वेद मामला तमाम संबंधित विभागों के लिए आंख खोलने वाला है। आखिरकार, यह विषय सीधे तौर पर लोगों के स्वास्थ्य और भलाई से जुड़ा है।

लेखक विज्ञान संबंधी विषयों के जानकार हैं।

# बेटी का बिना तलाक दूसरी शादी मामले में स्वामी प्रसाद मौर्य पर लटकी गिरफ्तारी की तलवार



**लखनऊ (आभा)।** स्वामी प्रसाद मौर्य को कथित रूप से बिना तलाक दूसरी शादी कराने, मारपीट, गालीगलौज, जानमाल की धमकी व साजिश रचने के मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने राहत देने से इनकार कर दिया है। न्यायालय ने कहा है कि स्वामी प्रसाद के विरुद्ध प्रथम दृष्टया आरोप हैं, जिन पर ट्रायल कोर्ट में ही विचार हो सकता है। इन टिप्पणियों के साथ कोर्ट ने परिवाद की कार्यवाही और गैर जमानती वारंट निरस्त करने की मांग वाली स्वामी प्रसाद की याचिका खारिज कर दी है। यह आदेश न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की एकल पीठ ने पारित किया।

सुशांत गोल्फ सिटी निवासी दीपक स्वर्णकार ने अदालत में संघमित्रा और स्वामी प्रसाद मौर्य समेत अन्य के खिलाफ याचिका दाखिल की है। वादी का आरोप है कि वह और संघमित्रा वर्ष 2016 से लिव इन रिलेशन में थे। कहा गया है कि संघमित्रा और उसके पिता स्वामी प्रसाद मौर्य ने वादी को बताया कि संघमित्रा की पूर्व शादी से तलाक हो गया है, लिहाजा वादी ने तीन जनवरी 2019 को संघमित्रा से घर पर शादी कर लिया, हालांकि बाद में जब उसे पता चला तो शादी की बात उजागर न होने पाए, इसलिए उस पर जानलेवा हमला कराया गया।

परिवाद को चुनौती देते हुए स्वामी प्रसाद की ओर से दलील दी गई कि याची के विरुद्ध कोई ठोस आरोप नहीं लगाए गए हैं और पत्रावली पर जो बयान परिवादी का उपलब्ध है, वह विश्वसनीय नहीं लगता। कहा गया कि जो घटनाएं बताई गई हैं, वे भी श्रंखलाबद्ध नहीं हैं और परिवाद बदनीयती से दाखिल किया गया है। हालांकि न्यायालय ने इन दलीलों को अस्वीकार करते हुए कहा कि आरोपों की सत्यता की जांच ट्रायल के दौरान ही हो सकती है।

# बसपा के दो प्रत्याशियों का पर्चा खारिज

**लखनऊ (आभा)।** दूसरे चरण के मतदान से पहले बरेली में बसपा को तगड़ा झटका लगा है। बरेली लोकसभा सीट से बसपा उम्मीदवार छोटेलाल गंगवार का जांच के दौरान पर्चा खारिज कर दिया गया है। नामांकन पत्र में कमियां बताते हुए उसे खारिज किया गया है। वहीं दूसरी ओर आंवला में बसपा के सिंबल पर चुनाव लड़ने वाले सत्यवीर का भी पर्चा खारिज कर दिया गया। सत्यवीर शनिवार सुबह तक खुद को बसपा का उम्मीदवार बता रहे थे, लेकिन बसपा ने आंवला में आबिद अली को उम्मीदवार बनाया है। सत्यवीर बसपा का फर्जी लेटर लगाकर अपनी उम्मीदवारी जता रहे थे। शनिवार को बसपा प्रमुख ने सिंबल आबिद अली को दिया तो उम्मीदवारी को लेकर चल रहे कयास भी खत्म हो गए।

# मतदान कार्मिको को दिया प्रशिक्षण

**संवाददाता–बस्ती।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अंद्रा वामसी ने किसान डिग्री कालेज में मतदान कार्मिको दिये जा रहे प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी ली और प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मतदान कार्मिको को सम्बोधित करते हुए कहा कि चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने में मतदान कार्मिको की अहम भूमिका होती है। उन्होने कार्मिको को निर्देशित किया कि वे गम्भीरतापूर्वक व पूर्णमनोयोग के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें तथा चुनाव आयोग के निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में गैरहाजिर मतदान कार्मिको का वेतन बाधित करते हुए बेसिक मूलवेतन पर करने का निर्देश दिया है।

प्रशिक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी कार्मिक जयदेव सीएस, पीडी/नोडल अधिकारी पोस्टल बैलेट राजेश झा, डीडीओ अजय सिंह, जिला प्रशिक्षण अधिकारी डा. विजय प्रताप यादव, डीपीआरओ रतन कुमार, डीसी मनरेगा संजय शर्मा, भूमि संरक्षण अधिकारी डा. राजमंगल चौधरी, बेसिक शिक्षा अधिकारी अनूप तिवारी सहित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# 14 होनहारों ने टापर्स में बनाई जगह



**संवाददाता–गोण्डा।** कभी नकल की मंडी के लिए कुख्यात रह चुका गोंडा जनपद उम्मीद की नई किरण लेकर आया है। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के घोषित परीक्षा परिणाम में जिले के 14 होनहारों ने जगह बनाई है। इनमें हाईस्कूल के रिजल्ट में छठवें, नौवें और दसवें स्थान पर काबिज होने के साथ–साथ जिले में भी टॉप–3 आकर नाम रोशन किया है। इंटरमीडिएट के मेधासूची में 7वीं, 8वीं, 9वीं और 10वीं रैंक पर कब्जा जमाकर होनहारों ने अच्छे संकेत दिये हैं। हाईस्कूल में प्रज्ञा श्रीवास्तव जबकि इंटर में सना खातून ने जिला टॉप किया है। यालय स्थित सरस्वती विद्या मंदिर मालवीयनगर की प्रज्ञा श्रीवास्तव ने 97.5 प्रतिशत अंकों के साथ यूपी टॉप की 6वीं रैंक हासिल की है। प्रज्ञा ने हाईस्कूल में जिला टॉप किया है। जबकि 97 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण हुए प्रिंस कुमार ने प्रदेश की मेरिट में नौवां स्थान बनाया है। छपिया विकासखंड में बखरौली स्थित रामलखन शुक्ला स्मारक इंटर कॉलेज के छात्र प्रिंस ने जिले में दूसरा स्थान बनाया है। डीबीएमएचएस गर्ल्स स्कूल करनैलगंज की इस्मीत कौर ने यूपी टॉपर्स की दसवीं रैंक में जगह बनाई है। 96.83 प्रतिशत अंकों के साथ इस्मीत को जिले में तीसरा स्थान मिला है। इंटरमीडिएट के कुल 11 विद्यार्थियों ने प्रदेश की मेरिट में खुद को सूचीबद्ध किया है। सातवीं रैंक हासिल करने वाले तीन होनहारों ने संयुक्त रूप से जिले में टॉप भी किया है।


सना खातून, शिवाकांत पांडेय और बुशरा जबी को एक साथ 96.6 प्रतिशत अंक मिले हैं। सना बिनोहनी अर्जुनपुर के सरदार पटेल इंटर कॉलेज, शिवाकांत सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज इटियाथोक और बुशरा इंद्रकुंवरि स्मारक इंटर कॉलेज रामतीर्थनगर की छात्रा हैं। यूपी टॉपर्स लिस्ट में संयुक्त रूप से आठवीं जगह बनाने वाले भी तीन होनहार हैं। 96.4 फीसदी अंकों के साथ तीनों ने जिले में दूसरा स्थान हासिल किया है। इनमें एसजीएवी इंटर कॉलेज खरगूपुर की स्मृति शुक्ला, श्रीचित्रगुप्त इंटर कॉलेज करनैलगंज की अनुकृति श्रीवास्तव, पदुमनाथ शुक्ला इंटर कॉलेज दुल्लापुर बनकट की शशि वर्मा हैं। मेधा सूची में नौवीं रैंक पर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज इटियाथोक के शिवदर्शन तिवारी को 96.2 प्रतिशत अंक मिले हैं। शिवदर्शन का जिले में तीसरा स्थान है। इसके अतिरिक्त दसवें स्थान पर संयुक्त रूप से चार होनहारों ने यूपी की मेरिट में नाम जोड़ा है। केएल इंटर कॉलेज करनैलगंज के अजीत कुमार, माडर्न सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज गोंडा के मानस पांडेय, पंडित अर्जुन प्रसाद त्रिपाठी स्मारक इंटर कॉलेज पिरवरतारा के प्रमोद मौर्या और ज्ञानदीप एकेडमी सकदरपुर बभनान की सुमन यादव को 96 फीसदी अंक मिले हैं।

# खुशी त्रिपाठी को बस्ती में प्रथम स्थान



**संवाददाता–बस्ती।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट का परीक्षा फल घोषित कर दिया गया इस वर्ष परीक्षा परिणाम में हाई स्कूल में हाजी मोहम्मद यामीन इंटर कॉलेज की खुशी त्रिपाठी को जिले में पहला स्थान दिव्या को तीसरा स्थान, आकर्ष शुक्ला को चौथा स्थान, अर्चिता वर्मा को पांचवा स्थान , मां गायत्री इंटर कॉलेज कप्तानगंज की प्रतिष्ठा चौधरी को जिले में चौथा स्थान, मां गायत्री इंटर कॉलेज की नेहा यादव को जिले में नया नौवां स्थान, डीआरसी सैनिक स्कूल की नूपुर पांडे को जिले में दूसरा स्थान, वहीं इंटरमीडिएट में गजाधर सिंह अकैडमी हरैया के दीपक मौर्य को पहला स्थान, राम सुभाष इंटर कॉलेज चौसर रुदौली की जया पाठक को जनपद में पहला स्थान प्रेक्टिस विद्यापीठ की मृदुल पांडे को तीसरा स्थान, जीजीआईसी बस्ती की सबा खातून को पांचवा स्थान, मां गायत्री इंटर कॉलेज की रीमा यादव को जनपद में नौवां स्थान प्राप्त हुआ। सौम्या सिंह हरि राम इंटर कालेज को भी नौवां स्थान मिला है।

# हाइवे की पटरियों पर जमा बालू हटवाने की मांग



**संवाददाता–बस्ती।** सामाजिक कार्यकर्ता पर्यावरण रक्षा के प्रति समर्पित गौहर अली ने जिलाधिकारी को पत्र देकर बस्ती– लखनऊ हावइे मार्ग के दोनों पटरियों से बालू और मिट्टी को हटाये जाने की मांग किया है जिससे दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

पत्र में गौहर अली ने कहा है कि बस्ती– लखनऊ राजमार्ग के दोनों पटरियों पर बालू जमा हुआ है और दो पहिया वाहन चालक जब इसमें फंस जाते हैं तो आये दिन लोग गिर पड़ते हैं। विशेषकर रात्रि के समय लोगों का संकट और बढ जाता है। दूर से बालू दिखायी नहीं पड़ता और वे हादसों के शिकार हो जाते हैं। दो पहिया ट्रैक पर संकट सबसे ज्यादा है। उन्होने मांग किया है कि प्राथमिकता के स्तर पर इस समस्या का समाधान कराया जाय।

# चार वाहन चोर गिरफ्तार,सात बाइक व दो तमंचा बरामद

**संवाददाता–श्रावस्ती।** अंतरजनपदीय वाहन तस्करी का पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने चार तस्करों से सात बाइक बरामद की है। इसके साथ ही बाइक तस्करों से दो नाजायज तमंचा व दो जिंदा कारतूस बरामद कर चोरों को जेल भेज दिया है। इस मामले का खुलासा एसपी घनश्याम चौरसिया ने किया। एसपी घनश्याम चौरसिया ने बताया कि थाना हरदत्तनगर गिरण्ट पुलिस टीम ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर की सूचना पर अन्तर्जनपदीय चार शातिर मोटरसाइकिल चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सात चोरी की मोटरसाइकिल तथा दो नाजायज तमंचा व 02 जिंदा कारतूस बरामद किया है। एसपी ने बताया कि थाना हरदत्तनगर गिरण्ट के उपनिरीक्षक नदीम खान मय पुलिस टीम रात में भ्रमण कर रहे थे। उसी समय मुखबिर से सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के डाडे कुइंया तिराहा के पूरब एक छोटी बाग है। जिसमें एक खण्डहर मकान है, उसमें कुछ संदिग्ध व्यक्ति अवैध असलहो के साथ बैठे हुए हैं। जिनके पास चोरी की कुछ मोटरसाइकिलें हैं। कुछ मोटर साइकिलों पर फर्जी व कूट रचित नम्बर प्लेट भी लगी हुई है। आज इन मोटरसाइकिलों को नेपाल ले जाकर बेचने की फिराक में हैं। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने मौकै पर छापेमारी की। इस दौरान बजरंगी प्रसाद पुत्र राम फेरन निवासी मोहल्ला घोसियाना दरगाह थाना दरगाह शरीफ जनपद बहराइच, पप्पू यादव पुत्र ननकऊ यादव निवासी ग्राम रतनापुर थाना सोनवा जनपद श्रावस्ती, संजय कुमार पासवान पुत्र राम सनेही निवासी ग्राम शंकरपुर लक्ष्मनगर थाना सोनवा जनपद श्रावस्ती और जितेन्द्र कुमार वर्मा उर्फ दद्दू पुत्र सुभाष चन्द्र निवासी ग्राम रघुनाथपुर थाना सोनवा जनपद श्रावस्ती को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गये व्यक्तियों के कब्जे से चोरी की सात मोटरसाइकिल बरामद की गयी। तलाशी के दौरान अभियुक्त बजरंगी प्रसाद व अभियुक्त पप्पू यादव के कब्जे से एक–एक अदद तमन्चा 12 बोर व एक–एक अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद बरामद किया गया। तथा अभियुक्त संजय कुमार पासवास की तलाशी से कुल 600 रुपये एवं अभियुक्त जितेन्द्र कुमार वर्मा उर्फ दद्दू की तलाशी से कुल 750 रुपये बरामद किया गया। पकड़े गए आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

# गौतम बुद्ध मुराली देवी की छात्राओं ने लहराया सफलता का परचम

**संवाददाता–बस्ती।** गौतम बुद्ध मुराली देवी बालिका इण्टर कालेज गोटवा की छात्राओं ने बोर्ड परीक्षा में सफलता का परचम लहराया। प्रबंधक डा. वी.के. वर्मा ने बताया कि शिक्षकों के अथक परिश्रम का परिणाम है कि परीक्षाफल ऐतिहासिक रहा।

डा. वर्मा ने बताया कि इण्टर मीडिएट में सौम्या विश्वकर्मा 92.8, प्रीती यादव 90.6, शाल्वी चौधरी 90, लक्ष्मी 88.8, प्रीती वर्मा 87.2, मुस्कान 86.6, मोनी यादव 86.6, अंकिता 86.4, प्रिन्सी वर्मा 86, रूपाली प्रजापति को 86.8 प्रतिशत अंक मिले। इसी कड़ी में हाई स्कूल में रूबी 94,.3 प्रतिशत, खुशी 91.3, और मीनाक्षी चौरसिया को 90.1 प्रतिशत अंक मिले। प्रबंधक डा. वी.के. वर्मा ने बताया कि सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत करने के साथ ही जिन छात्राओं के किन्ही कारणों कम अंक आये हैं उन पर और परिश्रम किया जायेगा।

# अयोध्या की अंशिका ने यूपी बोर्ड परीक्षा में प्रदेश में 7वीं तो अदिति ने प्राप्त की 10वीं रैंक





**संवाददाता–अयोध्या।** यूपी बोर्ड की 12वीं की परीक्षा में प्रदेश में सातवां स्थान पाने वाली अंशिका रावत डॉक्टर बनकर गरीब मरीजों की सेवा चाहती हैं। अपनी मेहनत के बलबूते यह उपलब्धि हासिल करने के पहले ही उन्होंने मेडिकल में प्रवेश की तैयारी भी शुरू कर दी है। बेटी की इस कामयाबी पर पूरे घर में खुशी का माहौल है। बधाई देने के लिए रिश्तेदारों, पारिवारिक मित्रों और शुभचिंतकों का घर पर जमावड़ा है। अंशिका ईश्वरदीन इंटर कॉलेज की छात्रा है।

वहीं, इंटरमीडिएट की ही परीक्षा में प्रदेश में 10वीं रैंक प्राप्त करने वाली अदिति दुबे भविष्य में यूपीएससी की परीक्षा पास करना चाहती हैं। उन्हें इंटरमीडिएट में 96 फीसदी नंबर प्राप्त हुए हैं। अदिति ने बताया कि जिस विषय में कमजोर थीं उस पर ज्यादा मेहनत किया। नोट्स बनाकर पढ़ाई करती थीं। एनसीआरटी की किताबों का सहारा लिया। रोजाना करीब आठ घंटे पढ़ाई करने का लक्ष्य बनाया था। अदिति के पिता एक डिग्री कॉलेज में प्रोफेसर हैं जबकि मां हाउस वाइफ हैं। उन्होंने कहा कि जो भी पढ़े उसके नोट्स जरूर बनाएं, सफलता मिलेगी।

यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा में जिले के 11 होनहारों ने प्रदेश स्तर पर परचम लहराया है। जिले के टॉपरों को प्रदेश में सातवां स्थान मिला है। इंटमीडिएट की मेरिट में बेटियों का दबदबा बरकरार है। ईश्वरदीन इंटर कॉलेज ददेरा की छात्रा अंशिका सिंह रावत ने 96.60 प्रतिशत लाकर प्रदेश में सातवां स्थान हासिल किया है। वहीं हाईस्कूल में बलदेव वीपी इंटर कॉलेज के छात्र पीयूष ने 97.33 प्रतिशत अंकों के साथ प्रदेश की मेरिट लिस्ट में सातवें नंबर पर जगह बनाई है। प्रदेश स्तर पर हाईस्कूल की टॉप टेन वाली सूची में सातवें स्थान पर पीयूष के साथ देवा इंटर कॉलेज उसरू के आनंद कुमार और नंद किशोर इंटर कॉलेज के तरुण तिवारी भी हैं। इन दोनों छात्रों ने भी 97.33 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। इसी प्रकार इंटरमीडिएट में प्रदेश में 10वां स्थान पाकर ग्रामोदय इंटर कॉलेज की सुहानी, बिशुन बाबा इंटर कॉलेज के अखिलेश और विद्यार्थी बैजनाथ इंटर कॉलेज की अदिति दुबे ने 96 प्रतिशत अंकों के साथ नाम रोशन किया है। हाईस्कूल में शहर के कनौसा गर्ल्स इंटर कॉलेज की सिद्धी श्रीवास्तव और वीनस इंटर कॉलेज की शालिनी यादव ने 97 प्रतिशत अंकों के साथ प्रदेश की मेरिट में नौवां स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा महादेव आदर्श इंटर कॉलेज की दीपांजलि और डायमंड इंटर कॉलेज अवनीश प्रताप सिंह की 10वीं रैंक आई है। इस बार जिले में हाईस्कूल के 91.51 और इंटरमीडिएट के 84.14 फीसदी विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं।

# भारत नेपाल सीमा पर 83 किमी लम्बी सड़क जल्द शुरू होगा काम

**संवाददाता–बलरामपुर।** भारत नेपाल सीमा पर 83 किमी लम्बी सड़क का निर्माण कार्य शीघ्र ही शुरू होगा। सड़क के निर्माण कार्य में 770 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। नौ करोड़ रुपए भूमि खरीद के लिए स्वीकृत किए गए हैं। सर्वे का काम तेजी से शुरू कर दिया गया है। डीएम ने भूमि खरीद के लिए दर निर्धारण का आदेश पारित किया है। डीएम अरविंद सिंह ने बताया कि यह सड़क प्रदेश के सात जिलों पीलीभीत, लखीमपुर, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर व महराजगंज सहित 594 किमी लम्बाई को जोड़ेगी जिसमें जिले में कंचनपुर गंधेलका तक 83 किमी लम्बी सड़क बनेगी। उन्होंने बताया कि भारत नेपाल सीमा से जुड़े गांव को 83 किमी अच्छी सड़क मिलने जा रही है। इस सड़क के बनने से वन क्षेत्रों व सीमा निगरानी में मजबूती होगी।

साथ ही थारू जनजाति के लोग मुख्य धारा से जुड़कर विकास के भागीदार बन सकेंगे। उन्होंने बताया कि इस सड़क के निर्माण कार्य का वन विभाग से एनओसी न मिलने के कारण 7.4 किमी निर्माण के बाद तीन वर्ष पहले कार्य रुक गया था। प्रकरण संज्ञान में आने पर डीएम ने वन विभाग व अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग बार्ड एरिया के साथ कई बैठकें कीं। इसके अलावा शासन स्तर पर पैरवी कर समस्याओं को दूर कराया। शनिवार को डीएम ने सड़क निर्माण के लिए भूमि खरीद का दर निर्धारण करने का आदेश पारित कर लिया है।

# जिले में छात्राओं ने मारी बाजी, चार ने मेरिट में बनाया स्थान

**संवाददाता–देवरिया।** शनिवार को जारी यूपी बोर्ड के इंटरमीडिएट व हाईस्कूल के रिजल्ट में छात्राओं ने बाजी मारी है। जिले की चार छात्राओं ने प्रदेश की मेरिट में स्थान प्राप्त किया है। इसमें इंटर व हाईस्कूल की दो–दो छात्राएं शामिल हैं। इसी तरह जिलास्तर की टॉप टेन सूची में भी छात्राओं ने छात्रों को काफी पीछे छोड़ दिया है। हाईस्कूल की टॉप टेन की 16 छात्रों की सूची में 14 छात्राएं तथा इंटर की 15 छात्रों की टॉप टेन की सूची 9 छात्राएं शामिल हैं। प्रदेश की मेरिट में स्थान बनाने वाली सभी छात्राएं ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों की हैं।

शनिवार को जारी रिजल्ट के अनुसार जिले में हाईस्कूल में 89.63 और इंटर में 71.94 फीसदी छात्रों ने परीक्षा पास की है। हाईस्कूल में इस साल 65127 छात्र पंजीकृत हुए थे, जिसमें से 59258 ने परीक्षा में भाग लिया। इसमें 53020 ने परीक्षा पास की है। इसी तरह इंटर में 64290 पंजीकृत छात्रों में से 58967 में परीक्षा में भाग लिया, जिसमें से 42421 उत्तीर्ण हुए हैं। जिले के एआरडी इंटर कॉलेज बभनी की छात्रा सुजाता पाण्डेय ने 97.60 प्रतिशत अंकों के साथ प्रदेश की मेरिट में द्वितीय रैंक प्राप्त किया है। इसी प्रकार सुभाष इंटर कॉलेज भटनी की छात्रा फिजा खातून ने 96.40 प्रतिशत अंकों के साथ आठवां रैंक प्राप्त किया है। हाईस्कूल में श्रीकृष्ण इंटर कॉलेज भलुटनी की पल्लवी खरवार ने 97.50 प्रतिशत अंकों के साथ प्रदेश की मेरिट में स्थान बनाते हुए छठवीं रैंक प्राप्त किया है। महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज कुर्मीपट्टी पथरदेवा की छात्रा शालिनी राव ने 96.83 प्रतिशत अंकों के साथ दसवां रैंक प्राप्त किया है।

# नशे में दोस्तों ने अश्लील वीडियो बना कर किया वायरल, पीड़ित ने फंदे से लटक कर दी जान




**संवाददाता–गोरखपुर।** एक किशोर का दोस्तों ने नशे में अश्लील वीडियो बनाकर पैसे की मांग करने लगे, किशोर को जब घर से पैसा नही मिल पाया तो मनबढ़ युवकों ने वीडियो वायरल कर दिया। फिर..

जिले से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यहां एम्स थाना इलाके में रहने वाले एक किशोर का उसके दोस्तों ने शराब पिलाकर अश्लील वीडियो बना लिया था। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर पैसे की मांग कर रहे थे।ऐसे में उसने फंदे से लटक कर जान दे दी। घटना की खबर प्राप्त होते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई तथा लड़के के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

प्राप्त खबर के अनुसार, मृतक किशोर चौरीचौरा का रहने वाला था। वह एम्स थाना क्षेत्र में किराए का मकान लेकर पढ़ाई करता था। कुछ दिन पहले उसके दोस्तों ने उसे शराब पिला दी तथा नशे में उसका अश्लील वीडियो बना लिया। बाद में उसे वीडियो को दिखाकर उससे पैसे की मांग करते थे। नहीं देने की स्थिति में वीडियो वायरल करने की बार–बार धमकी दे रहे थे। किशोर घर से ज्यादा पैसे की मांग कर रहा था, किन्तु किन्हीं वजहों से पैसा नहीं मिल पाया। वह काफी परेशान रहता था तथा अवसाद पर चला गया। पिता ने बताया कि यह सब बातें कुछ दिन पहले उसमें अपनी मां को बताया था। हम लोग जब तक सतर्क होते, बेटे को कुछ समझा पाते, तब तक उसने पंखे की कुंडी में फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। इस मामले में पिता ने कुल चार लोगों के विरुद्ध नामजद तहरीर दी है। इस सिलसिले में एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है। मामले की तहकीकात की जा रही है। किशोर ने किस वजह से खुदखुशी की है, उसका पता लगाकर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाएगा। वहीं, इस घटना से लड़के के घरवाले सदमे में हैं। उनका रो–रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने पुलिस से मांग की है कि अपराधियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए।

# ब्लाक का गेट बंद कर भाकियू ने की सचिव की पिटाई

**संवाददाता–श्रावस्ती।** मृत्यु प्रमाण पत्र न बनाए जाने पर नाराज भाकियू टिकैत गुट के कार्यकर्ताओं ने गेट बंद कर ग्राम पंचायत सचिव की पिटाई कर दी। इस पर ब्लाक परिसर में हंगामा हो गया। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने मामला शांत कराया। दोनों ओर से तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है। ग्राम पंचायत सचिव के पक्ष में जिले भर के सचिव लामबंद हो गए हैं। विकास खंड जमुनहा के ग्राम पंचायत वीरपुर लौकिहा के मजरा लौकिहा निवासी धनवासा के पति जवाहिर के पति की मौत वर्ष 2013 में हो गई थी। विकास खंड जमुनहा के ग्राम पंचायत वीरपुर लौकीहा के मजरा लौकिहा धनवासा पत्नी जवाहिर ने अपनी पति जवाहिर पुत्र परमेश्वर की मृत्यु अगस्त 2013 में हुई थी जिसकी मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए 17 फरवरी 2024 को उपजिलाधिकारी जमुनहा को प्रार्थना पत्र देकर परिवार रजिस्टर में अंकित करवाने के लिए दिया था। जिसकी जांच के लिए बीडीओ को कागज भेजा गया था। बीडीओ ने ग्राम सचिव प्रदीप यादव के पास भेजा था। काफी दिन बीत जाने के बाद भी परिवार रजिस्टर में दर्ज न होने पर धनवासा ने शनिवार को ब्लाक में भारतीय किसान यूनियन टिकैत की पंचायत कराई। भाकियू कार्यकर्ताओं ने ब्लाक के मुख्य गेट बंद कर सचिव प्रदीप यादव को लाठियों से पीटने लगे। जिन्हें बचाने के लिए ब्लाक कर्मी दौड़े तो उन्हें भी खदेड़ दिया। बीडीओ जमुनहा सरयू प्रसाद सिंह ने मामले की जानकारी एसडीएम जमुनहा व मल्हीपुर थाना प्रभारी को दी। इस पर पुलिस ने मौके पर लाठी फटकार कर भीड़ को तितर बितर कर दिया। दोनों पक्षों की ओर से थाने में तहरीर दी है। जिसमें ग्राम पंचायत अधिकारी प्रदीप कुमार यादव ने आरोप लगाया कि ग्राम पंचायतो में बूथ का भ्रमण कर 12:0 बजे विकास खंड मुख्यालय पर वापस लौटा कार्यलय के गेट पर पहुंचा तो पहले से घात लगा कर लाठी डंडे से लैस करीब एक दर्जन लोगों ने लाठी डंडे से मारा पीटा। बीच बराव करने आये पंचायत मित्र अजीजुर रहमान निवासी वीरपुर लौकीहा व कार्यलय में उपस्थित ब्लाक संवन्यक स्वच्छ भारत मिशन चन्द्रमणि शुक्ला, अमित सोनकर को भी गाली देकर दौड़ा लिया। सरकारी कागज फाड़ डाले। इस बारे में मल्हीपुर थाना प्रभारी जय हरि मिश्रा ने बताया दोनों के पक्षों के बीच विवाद की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंच कर शांत करा दिया गया। कोई तहरीर नहीं मिला है।

# दिन के बाद रात में उछला पारा, सामान्य से 5.3 डिग्री सेल्सियस अधिक

**संवाददाता–गोरखपुर।** महानगर में प्रचंड गर्मी पड़ने लगी है। अप्रैल के अंतिम पखवारे में दिन और रात दोनों तेजी से गर्म होने लगे हैं। शनिवार को न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। शनिवार को न्यूनतम तापमान सामान्य से 5.3 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा है। शुक्रवार व शनिवार को सीजन की सबसे गर्म रात रही हैं।

इससे पहले शुक्रवार को दिन में अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया। शुक्रवार को दिन का अधिकतम तापमान 41.4 डिग्री सेल्सियस रहा। यह इस सीजन का सबसे गर्म दिन हो गया। यह सामान्य के मुकाबले 3.4 डिग्री सेल्सियस अधिक है। बीते तीन दिनों में मौसम के मिजाज में तेजी से बदलाव हुआ है। तेज रफ्तार से हवाएं चल रही है। धूल भरी आंधी ने लोगों का जीना बेहाल कर रखा है। शुक्रवार को सूरज अधिक लाल हुआ। सुबह से ही चटक धूप रही। दिन चढ़ने के साथ सूरज के तेवर और तल्ख हुए। किरणें आग बरसाने लगी। सुबह से पछुआ हवाओं की रफ्तार सूरज के गर्मी के साथ–साथ ही बढ़ती रही। शुक्रवार को औसतन हवा की रफ्तार 27 किलोमीटर प्रति घंटे रही। हालांकि इसमें कुछ झोंके 54 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक के रहे। तेज रफ्तार गर्म हवाओं ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया। धूल भरी आंधी के कारण सड़क पर चलने वाले लोग सबसे ज्यादा प्रभावित हुए। हवा में नामी तेजी से गिर रही है। शुक्रवार को आद्रता 16 फीसदी ही रही। हवा में नमी कम हुई तो रात गर्म होने लगी। दिन में चली गर्म हवाओं का असर रात के मौसम पर दिखा। अप्रैल में औसतन न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस रहता है। शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 24.2 डिग्री सेल्सियस था। शनिवार को न्यूनतम तापमान 27.3 डिग्री सेल्सियस हो गया।

# पश्चिम बंगाल में बरसे वोट बिहार में सबसे कम मतदान





**नई दिल्ली (आभा)।** लोकसभा चुनाव के लिए वोटों की गिनती और परिणाम की घोषणा 4 जून को होगी। शाम 6 बजे तक 59.71 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें पश्चिम बंगाल में सबसे अधिक 77.57 प्रतिशत मतदान हुआ। इसके बाद त्रिपुरा में 76.10: और पुडुचेरी में 72.84: मतदान हुआ। बिहार में सबसे कम 46.32: मतदान हुआ। 2024 लोकसभा चुनाव के लिए पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को समाप्त हो गया। पहले चरण के मतदान में, देश भर के 21 राज्य और 102 निर्वाचन क्षेत्रों में वोट डाले गए। 2024 के आम चुनाव देश भर में सात चरणों में होंगे, जो 1 जून को समाप्त होंगे। लोकसभा चुनाव के लिए वोटों की गिनती और परिणाम की घोषणा 4 जून को होगी। शाम 6 बजे तक 59.71 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें पश्चिम बंगाल में सबसे अधिक 77.57 प्रतिशत मतदान हुआ। इसके बाद त्रिपुरा में 76.10: और पुडुचेरी में 72.84: मतदान हुआ। बिहार में सबसे कम 46.32: मतदान हुआ।

कुछ अन्य राज्यों की बात करें तो इसमें अरुणाचल प्रदेश में 64.7:, जम्मू कश्मीर में 65.28:, छत्तीसगढ़ में 63. 41:, महाराष्ट्र में 54.85 प्रतिशत, मणिपुर में 68.62:, राजस्थान में 50.27: जबकि तमिलनाडु में 63.20: मतदान हुआ है। त्रिपुरा में 76.10:, उत्तर प्रदेश में 57.54 प्रतिशत उत्तराखंड में 53.56: प्रतिशत वोट डाले गए।

उत्तर प्रदेश के बिजनौर में 54.68:, कैराना में 58.68:, मुरादाबाद में 57. 65:, मुजफ्फरनगर में 54.91:, नगीना में 58.05:, पीलीभीत में 60.23:, रामपुर में 52.42: और सहारनपुर में 63.29: का मतदान हुआ है।

कई प्रमुख नेताओं और हस्तियों ने अपना वोट डाला है, जिनमें कांग्रेस के दिग्गज नेता पी चिदंबरम, उनके बेटे और शिवगंगा उम्मीदवार कार्ति चिदंबरम, प्रसिद्ध अभिनेता रजनीकांत, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और डीएमके सुप्रीमो एमके स्टालिन शामिल हैं। पहले चरण में तमिलनाडु (39), उत्तराखंड (5), अरुणाचल प्रदेश (2), मेघालय (2), अंडमान और निकोबार द्वीप समूह (1), मिजोरम (1), नागालैंड (1), पुडुचेरी (1), सिक्किम (1) और लक्षद्वीप (1) की सभी सीटों पर मतदान हुआ। इसके अलावा राजस्थान में 12, उत्तर प्रदेश में आठ, मध्य प्रदेश में छह, असम और महाराष्ट्र में पांच–पांच, बिहार में चार, पश्चिम बंगाल में तीन, मणिपुर में दो और त्रिपुरा, जम्मू–कश्मीर और छत्तीसगढ़ में एक–एक सीट पर मतदान हुआ।

# फसल का अवशेष जलाया तो होगी कार्रवाई

**संवाददाता–बस्ती ।** गेहूँ फसल अवशेष जलने की घटना का स्थलीय सत्यापन एवं घटनाओं के नियंत्रण हेतु क्षेत्रीय कर्मचारियों के माध्यम से कृषको को जागरूक करने के साथ शासन एवं कृषि विभाग द्वारा दिए गये निर्देशों का पालन कराने के लिए संयुक्त निदेशक, कृषि अविनाश चन्द्र तिवारी ने मण्डल के तीनों उप निदेशक कृषि एवं जिला कृषि अधिकारियों को निर्देशित किया है। अधिकारियों को लिखें गये पत्र में संयुक्त निदेशक कृषि ने कहा है कि जनपद स्तर पर एक सेल का गठन करते हुए प्रत्येक दिन की घटनाओं का अनुश्रवण किये जाने एवं प्रत्येक गांव के ग्राम प्रधान एवं क्षेत्रीय लेखपाल को प्रत्येक दशा में अपने से सम्बन्धित क्षेत्र में पराली/कृषि अपशिष्ट जलाने की घटना को रोके जाने हेतु निर्देशित करें।

उन्होने कहा हैं कि प्रत्येक राजस्व ग्राम अथवा राजस्व ग्राम कलस्टर के लिए एक राजकीय कर्मचारी को नोडल अधिकारी नामित करें, जो कि सभी के मध्य प्रचार–प्रसार करते हुए फसल अवशेष आदि को न जलने के लिए प्रेरित करें। लेखपाल की जिम्मेदारी होगी कि अपने क्षेत्र में फसल अवशेष जलने की घटनायें बिल्कुल न होने दे अन्यथा शिकायत मिलने पर उनके विरूद्ध भी कार्यवाही की जायेंगी। जनपद स्तर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व की अध्यक्षता में एक सेल स्थापित करने के निर्देश पूर्व में दिये जा चुके हैं। उप जिलाधिकारी के अन्तर्गत गठित सचल दस्ते का दायित्व होगा कि फसल अवशेष आदि जलने की घटना की सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पहुंचकर सम्बन्धित के विरूद्ध विधिक कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे।

उन्होने बताया कि दो एकड से कम भूमि वाले कृषको के लिए फसल अवशेष जलाने पर रू0 2500 प्रति/घटना, तथा दो एकड से अधिक भूमि वाले कृषको से रू0 5000 प्रति/घटना तहसीलदार के स्तर से आर्थिक दण्ड लगाया जायेंगा।

उन्होने बताया है कि फसल कटाई के दौरान प्रयोग की जाने वाली कम्बाइन हार्वेवेस्टर के साथ सुपर स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम अथवा स्ट्रा रीपर अथवा स्ट्रा रेक एवं बेलर अथवा अन्य कोई फसल अवशेष प्रबन्धन यंत्र का उपयोग किया जाना अनिवार्य होगा। यह सुनिश्चित किया जाये कि उक्त व्यवस्था बगैर आपके जनपद में कोई कम्बाइन हार्वेस्टर से कटाई न करने पाये। प्रत्येक कम्बाइन हार्वेस्टर के साथ कृषि विभाग/ग्राम्य विकास का एक कर्मचारी नामित रहे, जो कि अपनी देख–रेख में कटाई कार्य करायें। फसल अवशेष प्रबन्धन यंत्रों के बगैर चलते हुयी पायी जाय तो उसको तत्काल सीज कर लिया जाय और कम्बाइन मालिक के स्वयं के खर्चे पर सुपर स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम लगवाकर ही छोडा जाय।

# योग से कमाए पैसों पर बाबा रामदेव को देना होगा टैक्स

**नई दिल्ली (आभा)।** बाबा रामदेव के पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट को शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा। शीर्ष अदालत ने अपीलीय न्यायाधिकरण के एक फैसले को बरकरार रखा है। न्यायाधिकरण के फैसले में रामदेव के ट्रस्ट को योग शिविरों के आयोजन के लिए प्रवेश शुल्क (एंट्री फीस) लेने पर सेवा कर (सर्विस टैक्स) का भुगतान करने को कहा गया था। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण (सीईएसटीएटी) की इलाहाबाद पीठ



के पांच अक्टूबर, 2023 को आए फैसले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया।

पीठ ने ट्रस्ट की अपील खारिज करते हुए कहा, ष्न्यायाधिकरण ने ठीक ही कहा है कि शुल्क वाले शिविरों में योग करना एक सेवा है। हमें इस आदेश में हस्तक्षेप करने का कोई कारण नहीं मिला। अपील खारिज की जाती है।' सीईएसटीएटी ने अपने आदेश में कहा था कि पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट की तरफ से आयोजित आवासीय एवं गैर– आवासीय योग शिविरों में शामिल होने के लिए शुल्क लिया जाता है लिहाजा यह 'स्वास्थ्य और फिटनेस सेवा' की श्रेणी में आता है और इस पर सेवा कर लगेगा। योग गुरु रामदेव और उनके सहयोगी आचार्य बालकृष्ण के अधीन काम करने वाला यह ट्रस्ट विभिन्न शिविरों में योग प्रशिक्षण प्रदान करने में लगा हुआ था।

# अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़, अर्धनिर्मित तमंचा व उपकरण बरामद


**संवाददाता–श्रावस्ती।** सिरसिया पुलिस ने अवैध असलहा बनाने की फैक्ट्री पकड़ी है। फैक्ट्री में अर्ध निर्मित सात तमंचे और भारी मात्रा में शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किए हैं। इसी के साथ दो लोगों को असलहा बनाने हुए पकड़ कर जेल भेज दिया है। थाना सिरसिया व स्वाट टीम ने सिरसिया थाने के बुटहर में अवैध शस्त्र बनाने की फैक्ट्री पकड़ी है। इसका खुलासा करते हुए एसपी घनश्याम चौरसिया ने बताया कि सिरसिया के उपनिरीक्षक जयवेन्द्र कुमार मय हमराह व स्वाट टीम के राणा विशाल प्रताप सिंह मय हमराह क्षेत्र भ्रमण पर थे। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम लोहनिया से खडंजा से होते हुये नाला की तरफ बुटहर मोड के पास ग्राम पंचायत भवन की जर्जर पड़ी बिल्डिंग में कुछ लोग अवैध असलहो का निर्माण कर रहे हैं। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम व स्वाट टीम ने छापेमारी की। इस पर पंचम पुत्र राजितराम निवासी रामनगरकुण्डा थाना सिरसिया व तबारक अली पुत्र इजहर अली निवासी लौकीपुरवा थाना कोतवाली भिनगा जनपद श्रावस्ती को मौके से गिरफ्तार किया। दोनों की ओर से अवैध शस्त्र का निर्माण किया जा रहा था। पुलिस ने अवैध शस्त्र फैक्ट्री बरामद की और 02 निर्मित नाजायज देशी तमंचा 315 बोर, 01 नाजायज देशी तमन्चा 12 बोर 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर व 01 जिन्दा कारतूस 12 बोर व 03 अर्द्ध निर्मित तमन्चा 315 बोर , 04 अर्द्ध निर्मित तमन्चा 12 बोर, 01 भट्ठी तथा अवैध शस्त्र बनाने के विभिन्न उपकरण बरामद किये गये। गिरफ्तार किये गये दोनों व्यक्तियों में से अभियुक्त पंचम पूर्व में भी थाना सिरसिया तथा अभियुक्त तबारक अली थाना कोतवाली भिनगा से अवैध शस्त्र फैक्ट्री के संचालन में गिरफ्तार कर जेल भेजे गये थे। दोनों अभियुक्तो को गिरफ्तार कर थाना सिरसिया पर अभियोग पंजीकृत किया गया।

# हाईस्कूल में तीन और इंटर के एक मेधावी ने यूपी की टॉप टेन लिस्ट में बनाई जगह



**संवाददाता–बहराइच।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से शनिवार को हाईस्कूल तथा इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। हाईस्कूल में 85.73 व इंटर में 80.35 प्रतिशत मेधावियों ने परचम लहराया है। वहीं जिले के हाईस्कूल के तीन व इंटर के एक मेधावी ने यूपी टॉप 10 में जगह बनाई है। परीक्षा समाप्त होने के बाद हाईस्कूल व इंटर के मेधावी रिजल्ट का इंतजार कर रहे थे। शनिवार को परीक्षा परिणाम घोषित होते ही मेधावी खुशी से झूम उठे। जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र देव पांडेय ने बताया कि हाईस्कूल का 85.73 व इंटर में 80.35 प्रतिशत रिजल्ट आया है। उन्होंने बताया कि हाईस्कूल में बाल शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज की छात्रा कामिनी सिंह, एपीके इंटर कॉलेज चिरैयाटांड़ के छात्र सत्यम सिंह व त्रिभुवन दत्त स्मारक इंटर कॉलेज के पीयूष श्रीवास्तव ने 96.83 प्रतिशत अंक पाकर यूपी के टाप टेन मेधावियों में जगह बनाई है। वहीं, इंटरमीडिएट में शिरीश चौधरी ने भी यूपी टॉप टेन की सूची में 96.20 प्रतिशत अंक पाकर जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि हाईस्कूल में 37,379 में से 29,083 व इंटर में 27,652 में 21,803 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं।

# श्वेता सिंह 12 वीं और अंशिका यादव 10 वीं में बनीं टापर



**संवाददाता–गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का परिणाम घोषित कर दिया गया है। इसमें छात्राओं ने एक बार फिर बाजी मारी है। गोरखपुर जिले में हाईस्कूल में अंशिका यादव और इंटरमीडिएट में श्वेता सिंह ने जिले में टॉप किया है। इंटरमीडिएट में गोरखपुर की श्वेता सिंह प्रदेश की टॉप–10 सूची में 5वें स्थान पर और हाईस्कूल में अंशिका यादव आठवें स्थान पर हैं। कई वर्षों बाद गोरखपुर के विद्यार्थियों ने प्रदेश की टॉप–10 सूची में जगह बनाने में सफलता पाई है। खजनी के इंटर कॉलेज, रामपुरवा की हाईस्कूल की छात्रा अंशिका यादव पुत्री रणविजय यादव ने प्रदेश की टॉप 10 मेरिट लिस्ट में जगह बनाई है। अंशिका को प्रदेश में आठवां स्थान मिला है। अंशिका ने 583६600 यानी 97.17 प्रतिशत अंक हासिल किया है। एसपीएनएस आईसी रतनपुर, पतरा की छात्रा श्वेता सिंह ने इंटरमीडिएट की परीक्षा में जिले में टॉप किया है। श्वेता पुत्री कन्हैया सिंह ने 485६500 यानी कुल 97 प्रतिशत अंकों के साथ यह उपलब्धि हासिल की है। श्वेता ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में संयुक्त पांचवां स्थान प्राप्त किया है।

गोरखपुर जिले के विद्यार्थियों ने इस वर्ष भी अच्छा प्रदर्शन किया है। हाईस्कूल में कुल 86.87 प्रतिशत विद्यार्थी सफल रहे। इसी तरह इंटरमीडिएट में 75.49 प्रतिशत विद्यार्थियों ने सफलता पाई है। गोरखपुर जिले की टॉपर्स में ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों का दबदबा रहा है। टॉप–10 सूची में हाईस्कूल में कुल 19 और इंटरमीडिएट में कुल 22 विद्यार्थियों ने अपनी जगह बनाई है।

# आईपीएस पद पर चयन के बाद गांव पहुंची अलका त्रिपाठी का हुआ स्वागत

**संवाददाता–कुदरहा, बस्ती।** कुदरहा विकास क्षेत्र के ग्राम पंचायत ढढौरा के राजस्व गांव विरतिया निवासी अलका तिवारी पुत्री स्व वीरेंद्र त्रिपाठी यूपीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण कर शुक्रवार को बस्ती रेलवे स्टेशन पर पहुंची तो जनप्रतिनिधि, परिजन व शुभचिंतको भीड उमड़ पड़ी और लोगों ने फूल मालाओं से स्वागत किया। देर शाम गांव पहुंची तो लोगों के खुशी से आंखो छलक उठा।




अलका तिवारी का आईपीएस के पद पर चयन होने के बाद पहली बार वह दिल्ली से गांव के लिए रवाना हुई और बस्ती रेलवे स्टेशन पर चाचा धीरेंद्र त्रिपाठी, पूर्व विधायक रवि सोनकर, ब्लाक प्रमुख कुदरहा अनिल दुबे, ब्रह्मदेव यादव देव, धर्मेंद्र चौधरी, अवधेश राव, संजय पांडे राम प्रकाश यादव सहित सैकड़ो लोग फूल मालाओं के साथ स्वागत किया। इसके पश्चात वह सावित्री विद्या विहार सहित अन्य शैक्षणिक संस्थान पर जाकर गुरुजनों का आशीर्वाद लिया। इसके बाद गांव के लिए निकली तो महसो,महादेव, लालगंज, बनकटी, देईसाड़, पसड़ा, बानपुर मे जगह–जगह गाजे बाजे के साथ लोगों ने स्वागत किया। इसके पश्चात वह घर पहुंची तो खुशी से परिजन व गांव के लोगों के आंखों से आंसू छलक आई। अलका तिवारी ने बताया कि हाईस्कूल व इंटर मीडिएट की शिक्षा सावित्री विद्या विहार से लेने के बाद वह इलाहाबाद गयी और विश्वविद्यालय से स्नातक की। अलका तिवारी ने बताया कि गुरूजनों, बाबा, माता–पिता व चाची चाचा के आर्शिवाद से इस मुकाम पर पहुंची हूं। हमारे बाबा भानु प्रताप त्रिपाठी शिक्षक थे जिनसे हमें प्रेरणा मिलती थी। हमारे चाचा व भाई का बड़ा सहयोग रहा। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि इस पिछड़े क्षेत्र के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है इस बिटिया के प्रेरणा से अब बच्चे और आगे बढ़ेंगे।

## मेडिकल जांच के बाद ही कटेगी मतदान कार्मिकों की ड्यूटी

**संवाददाता–गोण्डा।** लोकसभा चुनाव के लिए जिले के करीब 15 हजार कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। इनमें पीठासीन अधिकारी, प्रथम मतदान अधिकारी, द्वितीय मतदान अधिकारी, तृतीय मतदान अधिकारी शामिल हैं। स्वास्थ्य के आधार पर कई कार्मिकों ने ड्यूटी से मुक्त करने के लिए प्रार्थनापत्र दिया। डीईओ नेहा शर्मा ने बताया कि इन आवेदनों पर मेडिकल टीम द्वारा चिकित्सीय परीक्षण किया जाएगा। मेडिकल टीम द्वारा दिए गए निर्णय के आधार पर ही कार्मिकों की चुनाव ड्यूटी से मुक्त किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कुछ कार्मिकों ने आवेदन पत्र के साथ चिकित्सक के पर्चे की छायाप्रति संलग्न कर प्रेषित करते हुए निर्वाचन ड्यूटी से मुक्त करने का अनुरोध किया है। इन कार्मिकों का चिकित्सीय परीक्षण सीडीओ की अध्यक्षता में 24 व 25 अप्रैल को किया जायेगा। इसके लिए अफसरों की टीम गठित की गई है। इसमें सीडीओ अध्यक्ष, डीडीओ, बीएसए, एसीएमओ डा. सीके वर्मा को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। टीम की मौजूदगी में 24 व 25 अप्रैल को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक विकास भवन सभागार विकास सभागार में मतदान कार्मिकों का मेडिकल परीक्षण किया जाएगा।

## तीर्थ यात्रियों के लिए तीर्थ की संपूर्ण जानकारी निशुल्क उपलब्ध करायेगा तीर्थ ऐप



**संवाददाता–अयोध्या।** भगवान श्री राम की जन्म स्थली अयोध्या के सद्गुरु सदन, पापमोचन घाट से सिद्ध संत महंत सिया किशोरी शरण महाराज ने अयोध्या से तीर्थ यात्रियों की सुविधा एवं सहयोग के लिए निशुल्क तीर्थ डाट काम ऐप को किया लॉन्च, इस ऐप में सभी तीर्थ स्थलों की जानकारी होगी, जिससे व्यक्ति आसानी से अपने काम की सारी जानकारी एवं सुविधा प्राप्त कर सकता है और यह सारी व्यवस्थाएं निशुल्क रहेगी। इस अवसर पर उपस्थित रहे आईएएस रमाशंकर पाण्डेय बताया कि तीर्थ समय की मांग है, खासकर वरिष्ठ नागरिकों और भारत आने वाले एनआरआई के लिए। यह मंच मार्गदर्शन और अज्ञात धार्मिक स्थानों की खोज में बहुत मदद करेगा।

तीर्थ के संस्थापक सीओ प्रियदर्शी ने कहा तीर्थ का उद्देश्य तीर्थ यात्रियों की सेवा करना है और भगवान की सेवा करने का सबसे अच्छा तरीका उन लोगों की सेवा करना है जो भगवान के मार्ग पर है। तीर्थ यात्रियों के सामने सबसे बड़ी चुनौती उनकी तीर्थयात्रा के दौरान सूचनात्मक बाधाएं हैं। यह प्राथमिक समस्या है जिसे तीर्थ हल कर रहा है। दर्शन और धर्मशालाओं के लिए बुकिंग जैसी अतिरिक्त सुविधाओं के साथ अल तीर्थ यात्रा ओर तीर्थ मोबाइल ऐप सहित कई और मॉड्यूल 6 के भीतर लॉन्च किए जाएंगे और बहुत जल्द तीर्थ यात्रियों के लिए एक हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया जाएगा। इस अवसर पर इंडियन एडमिनिस्ट्रेटिव फेलो, टाटा ग्रीन बैटरीज के पूर्व सीईओ और हेला इंडिया लाइटिंग लिमिटेड के पूर्व एमडी राहुल जैन शामिल शामिल हुए जिनका भी बहुत योगदान रहा। इस अवसर पर सद्गुरू सदन मंदिर के अधिकारी बालमुकुंद दास भी मौजूद रहे।

# दिल्ली, जम्मू, गुवाहाटी समेत कई प्रमुख स्थानों के लिए चलेंगी समर स्पेशल ट्रेन



**संवाददाता–गोरखपुर।** गर्मी की छुट्टियों में यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे दिल्ली, जम्मू, गुवाहाटी समेत कई प्रमुख स्थानों के लिए समर स्पेशल ट्रेन चला रही है।इन ट्रेनों के चलने से हजारों यात्रियों को अपने गंतव्य तक जाने में काफी सुविधा होगी। गर्मी में होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने दिल्ली, जम्मू, गुवाहाटी समेत कई प्रमुख स्थानों के लिए समर स्पेशल ट्रेनों की घोषणा की है। गुवाहाटी से जम्मू तक जाने वाली समर स्पेशल ट्रेन गोरखपुर स्टेशन से होकर जाएगी। इससे लंबी दूरी के यात्रियों को राहत मिलेगी। गोरखपुर से श्रीगंगानगर के अलावा ग्वालियर–बरौनी के बीच भी समर स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी।

गुवाहाटी–जम्मूतवी–गुवाहाटी ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी छह मई से एक जुलाई तक प्रत्येक सोमवार को गुवाहाटी से और नौ मई से चार जुलाई तक प्रत्येक बृहस्पतिवार को जम्मूतवी से नौ फेरों के लिए चलाई जाएगी। गोरखपुर से यह ट्रेन जम्मूतवी के लिए शाम 6:55 बजे चलेगी। दूसरे दिन शाम 05:35 बजे जम्मूतवी पहुंचेगी। जम्मूतवी से यह सुबह 10 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन सुबह गोरखपुर पहुंचेगी। दूसरी ट्रेन गुवाहाटी–श्रीगंगानगर–गुवाहाटी ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचलन गुवाहाटी से एक मई से 26 जून तक प्रत्येक बुधवार को और श्रीगंगानगर से पांच मई से 30 जून तक प्रत्येक रविवार को नौ फेरों के लिए किया जाएगा। यह ट्रेन गोरखपुर से शाम 7:40 बजे छूटेगी और दूसरे दिन 03.30 बजे श्रीगंगानगर पहुंचेगी। श्रीगंगानगर से 12.30 बजे चलकर अयोध्या के रास्ते दूसरे दिन रात में 8:40 बजे गोरखपुर पहुंचगी।

गोरखपुर–आनन्द विहार टर्मिनस–गोरखपुर ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचलन गोरखपुर से 28 अप्रैल से 30 जून तक दिन प्रत्येक रविवार और आनन्द विहार टर्मिनस से 29 अप्रैल से एक जुलाई तक प्रत्येक सोमवार को 10 फेरों के लिए किया जाएगा। यह ट्रेन गोरखपुर से रात में 09:15 बजे छूटेगी और दूसरे दिन 01:15 बजे आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन आनंद विहार टर्मिनस से 03:15 बजे प्रस्थान करेगी और सुबह 07.30 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। इसके अलावा छपरा–आनंद विहार टर्मिनस–छपरा ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी छपरा से एक मई से 26 जून तक प्रत्येक बुधवार और आनन्द विहार टर्मिनस से दो मई से 27 जून तक प्रत्येक बृहस्पतिवार को नौ फेरों के लिए चलेगी। यह गाड़ी गोरखपुर से रात में 08:55 बजे चलेगी और दूसरे दिन 11:50 बजे आनंद विहार टर्मिनस पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन दोपहर 02:45 बजे प्रस्थान कर सुबह गोरखपुर पहुंचेगी। ग्वालियर– बरौनी–ग्वालियर द्विसाप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी ग्वालियर से 21 अप्रैल से 30 जून तक प्रत्येक रविवार व बुधवार और बरौनी से 22 अप्रैल से एक जुलाई तक प्रत्येक सोमवार व बृहस्पतिवार को 21 फेरों के लिए चलाई जाएगी। सहरसा–नई दिल्ली अनारक्षित विशेष गाड़ी का संचालन सहरसा से 19 अप्रैल को किया जाएगा। यह ट्रेन गोरखपुर से शाम 05:05 बजे चलेगी। खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, बाराबंकी, ऐशबाग, कानपुर सेंट्रल, इटावा, टुंडला, अलीगढ़, गाजियाबाद स्टेशनों पर रुकते हुए यह ट्रेन सुबह सात बजे नई दिल्ली स्टेशन पहुंचेगी।

## मत्स्य पालन में किसानों के आड़े नहीं आएगी धन की कमी

**संवाददाता–संतकबीरनगर।** जिले में मत्स्य पालन करने वालों को रुपए की कमी अब आड़े नहीं आएगी। तालाबों पर भी किसानों को किसान क्रेडिड कार्ड से रुपया मिलेगा। एक एकड़ के तालाब पर मत्स्य पालक को दो लाख रुपए तक का केसीसी मिलेगा। किसान इसके लिए मत्स्य पालन विभाग में आवेदन कर सकते हैं। एक एकड़ तालाब पर किसानों को दो लाख रुपए तक की केसीसी मिल जाएगी।

मत्स्य पालन के क्षेत्र में रोजगार सृजन की अपार संभावनाएं हैं। तालाबों से बड़े पैमाने पर लोगों को रोजगार मिल रहा है। कभी–कभी रुपए की कमी की वजह से मत्स्य पालक तालाबों की मरम्मत या फिर मछलियों को पर्याप्त मात्रा में भोजन नहीं दे पाते हैं। इन्हीं समस्याओं से निजात दिलाने के लिए तालाबों पर केसीसी दिए जाने की योजना लांच की गई है। बीते वित्तीय वर्ष में छह सौ मत्स्य पालकों को केसीसी कार्ड दिया गया था। इससे मत्स्य पालकों को मछलियों का उत्पादन में सहूलियत मिली। मत्स्य पालकों ने तालाबों से मछली बेच कर केसीसी की धनराशि समय से बैंकों में जमा कर दी। मत्स्य पालक तालाब पर केसीसी लेने के लिए जरूरी दस्तावेज भी जमा करने होंगे। केसीसी के लिए किसानों को बैंक पासबुक, आधार कार्ड और तालाब से जुड़े प्रपत्र जमा करने होंगे। यदि तलाब निजी है तो मत्स्य पालक को खसरा खतौनी लगाना होगा। इसके अलावा पट्टे के तालाब पर पट्टा आवंटन का पत्रक जमा करना होगा। कार्यकारी अधिकारी मत्स्य विजय कुमार मिश्र मत्स्य पालक केसीसी के लिए कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं। विभाग से केसीसी फार्वर्ड कर बैंकों को भेज दिया जाता है। बैंक से मत्स्य पालक को केसीसी प्रदान की जाती है।

## दो साल बाद भी घरों में नहीं पहुंचा पानी

**संवाददाता–महराजगंज।** धानी ब्लाक के ग्राम बरजी में हर घर नल योजना को जिम्मेदार पलाप करने में लगे हैं। अधिकारियों और ठेकेदार के मनमानी रवैया से योजना बेमतलब साबित हो रहा है। नया पाइप लाइन अब तक सभी घरों तक नहीं बिछाया गया है। जबकि दो वर्ष पूर्व नया ओवर हैड टैंक बनना शुरू हुआ था। करीब 3500 की आबादी वाले इस गांव में कुछ ही घरों तक ही पाइप लाइन पहुंच पाया है। गांव के कन्हैया यादव, राज कुमार, महेन्द्र, कैलाश तिवारी, आशीष यादव, महेंद्र, अविनाश प्रताप सिंह, प्रधान सत्येन्द्र यादव ने बताया कि पूरा गांव पानी की समस्या से परेशान है। गर्मी के दिनों में नल से भी पानी नहीं आता है।

जिससे लोग पानी खरीद कर पीने को मजबूर हैं। डेढ़ वर्ष से अधिक समय हो गया लेकिन ओवर हैड टैंक पूरी तरह नहीं तैयार हो पाया है। वहीं जेई अजीत सिंह का हमेशा की तरह फिर यही कहना है कि पानी की टंकी और पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूरा किया जा रहा है।

## 30 अप्रैल तक हर हाल में पूरा करें नाला निर्माण -नगर आयुक्त

**संवाददाता–गोरखपुर।** नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल ने शनिवार को साइकिल से गोरखनाथ में लगन पैलेस मैरिज हॉल से हरियाली मैरिज हाउस होते हुए निर्माणाधीन बसियाडीह नाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान काम की धीमी रफ्तार पर नाराजगी व्यक्त की। मौके पर ही मुख्य अभियंता संजय चौहान को भी बुलाया। सहायक अभियंता एवं अवर अभियंता को सख्त निर्देश दिए गए कि हर हाल में 30 अप्रैल तक नाले का निर्माण कार्य पूरा कराएं। सहायक अभियंता शैलेश कुमार, अवर अभियंता अतुल कुमार और राजकुमार को हिदायत दी कि निर्धारित अवधि में नाला निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ तो उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए कठोर कार्यवाही की जाएगी। साइकिल से निरीक्षण करने निकले नगर आयुक्त ने पाया कि रसूलपुर दशहरी बाग के आगे कुछ लोगो ने अपने घरों से आगे बढ़ कर सड़क पर अतिक्रमण कर निर्माण किया है। इस कारण सड़क पतली हो गई है। नगर आयुक्त ने सहायक अभियंता शैलेश कुमार को निर्देशित किया कि ऐसे अवैध निर्माण को तुड़वाया जाए। उसके बाद एंड टू एंड नाली निर्माण किया जाए। निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता संजय चौहान, सहायक अभियंता शैलेश कुमार, अवर अभियंता अतुल कुमार, राजकुमार और नाला निर्माण से संबंधित ठेकेदार भी मौजूद रहे।


# एसटीएफ और वन विभाग के हत्थे चढ़े तस्कर, 676 तोते बरामद



**संवाददाता–गोरखपुर।** वन विभाग और एसटीएफ ने संयुक्त रूप से तिनकोनिया रेंज के नंदानगर अंडरपास से तीन तस्करों को गिरफ्तार किया। इनके पास से प्रतिबंधित 676 तोते (रोजरिंग पैराकीट) बरामद किए गए। तीनों तस्करों की पहचान राजघाट थाना क्षेत्र के छोटे काजीपुर निवासी रईस अहमद, रायगंज निवासी मोहम्मद इम्तियाज और बिहार पटना के आलमगंज थाना क्षेत्र मिस्का टोला निवासी मंसूर आलम के रूप में हुई। इनका एक साथी शमशाद मौके से फरार हो गया। केस दर्ज कर तीनों न्यायालय में पेश किया गया जहां से जेल भेजा गया। इन तस्करों में रईस अहमद सरगना है जो अपने गिरोह से बहराइच समेत अन्य जगहों से तोतों को पकड़वाता है। इसके बाद उन्हें पिंजरे में रखकर बिहार के पटना ले जाकर बेचते थे। एक जोड़े तोते के बदले उन्हें 600 रुपये मिलते थे। रईस पहले भी कई बार तस्करी में जेल जा चुका है। डीएफओ विकास यादव के पास वाइल्ड लाइफ कंट्रोल ब्यूरो दिल्ली से सूचना मिली थी कि गोरखपुर वन प्रभाग क्षेत्र से तोतों की तस्करी की जा रही है। तस्कर बिहार से खाली पिंजरे लेकर पहुंचे हैं। इसके बाद प्राइवेट गाड़ी से तोतों को लेकर बिहार जा रहे हैं। इस सूचना के आधार पर उप वनाधिकारी हरेंद्र सिंह के नेतृत्व में तिनकोनिया रेंजर लव सिंह व एसटीएफ के डिप्टी एसपी प्रमेश कुमार शुक्ल ने टीम के साथ संयुक्त रूप से तिनकोनिया रेंज में घेराबंदी की। नंदानगर अंडर पास के पास भाग रहे एक बोलेरो को पकड़ा। तलाशी के दौरान आरोपियों के पास दो मोबाइल फोन, एक की पैड, 13 हजार 300 रुपये भी बरामद हुए। उप वनाधिकारी हरेंद्र सिंह ने बताया कि पूछताछ में तस्करों ने बताया वह सात–आठ वर्षो से सीतापुर, लखीमपुर खीरी, बलरामपुर व मध्य प्रदेश में प्रतिबंधित तोतों को पकड़ते थे। रईस के गोरखपुर स्थित घर लाकर तोतों को पिंजरे में पैकिंग करते हैं। इसके बाद प्राइवेट गाड़ी से दूसरे राज्यों में ले जाकर बेच देते थें।

# ईवीएम-वीवीपैट पर सुप्रीम कोर्ट ने सुरक्षित रखा फैसला

**नई दिल्ली (आभा)।** सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के जरिए डाले गए मतों का वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) के साथ पूर्ण मिलान की मांग वाली विभिन्न याचिकाओं पर अपना फैसला बृहस्पतिवार को सुरक्षित रख लिया। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने याचिकाओं पर निर्वाचन आयोग का जवाब सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। गुरुवार को अपना फैसला सुरक्षित रखते हुए शीर्ष अदालत ने कहा कि हमें हर चीज के बारे में संदेह करने की जरूरत नहीं है।



गौरतलब है कि याचिकाकर्ताओं ने वीवीपैट मशीनों पर पारदर्शी कांच को अपारदर्शी कांच से बदलने के आयोग के 2017 के फैसले को उलटने की भी मांग की है, जिसके जरिए कोई मतदाता केवल सात सेकंड के लिए रोशनी चालू होने पर ही पर्ची देख सकता है। आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ वकील मनिंदर सिंह ने बताया कि ईवीएम किस प्रकार काम करती है।

याचिकाकर्ताओं की ओर से वकील प्रशांत भूषण और वरिष्ठ वकील गोपाल शंकरनारायणन पेश हुए। उच्चतम न्यायालय ने 16 अप्रैल को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) की आलोचना और मतपत्रों के जरिए चुनाव की लौटने की मांग की निंदा करते हुए कहा था कि भारत में चुनावी प्रक्रिया एक 'बहुत बड़ा काम' है और 'व्यवस्था को खराब करने' का प्रयास नहीं किया जाना चाहिए।

पीठ ने सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग से ईवीएम और वीवीपैट की वर्तमान व्यवस्था में उम्मीदवारों के प्रतिनिधि के शामिल होने, छेड़छाड़ रोकने सहित तमाम चुनावी प्रक्रियाओं और कार्यप्रणालियों से संबंधित तमाम आशंकाओं को दूर करने को कहा। याचिकाएं एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स और अन्य की ओर से दायर की गई थीं। उन याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान पीठ ने उप चुनाव आयुक्त नितेश व्यास से पूछा, 'आप हमें पूरी प्रक्रिया बताएं कि उम्मीदवारों के प्रतिनिधि कैसे शामिल होते हैं और छेड़छाड़ कैसे रोकी जाती है।

शीर्ष अदालत ने कहा कि ईवीएम और वीवीपैट की चुनावी प्रक्रिया और कार्यप्रणाली से संबंधित कोई भी आशंका नहीं रहनी चाहिए। पीठ ने कहा, 'हम चाहते हैं कि या तो आपको या किसी अन्य अधिकारी को अदालत कक्ष के अंदर या बाहर के लोगों की सभी आशंकाओं को दूर करना चाहिए... यह एक चुनावी प्रक्रिया है। इसमें पवित्रता होनी चाहिए। किसी को भी यह आशंका नहीं होनी चाहिए कि कुछ ऐसा किया जा रहा है, जिसकी अपेक्षा नहीं की जाती है।'न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने सुनवाई के दौरान टिप्पणी करते हुए कहा कि हर चीज पर संदेह नहीं किया जा सकता और याचिकाकर्ताओं को ईवीएम के हर पहलू के बारे में आलोचनात्मक होने की जरूरत नहीं है।

# ग्रामीण दिव्यांगों को स्वरोजगार के लिये दिया सहयोग

**संवाददाता–बस्ती।** राम नवमी के उपलक्ष्य पर शिक्षित युवा सेवा समिति द्वारा इनेवल इण्डिया बैगलोर के मार्गदर्शन से संचालित ग्रामीण दिव्यांगजनों के लिए स्वरोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत 20 दृष्टिदिव्यांजनों जिन्हे प्रथम बैच के रूप में एसबीआई ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण केन्द्र बस्ती द्वारा प्रशिक्षित किया गया था, में 10 दृष्टि दिव्यांगजनों को अनमोल इन्डस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा प्रत्येक दृष्टिदिव्यांग को अपने विस्कुट उत्पादन के 8–8 गत्ते उन्हें अपनी दुकान से विक्रय हेतु प्रदान करने का सहयोग दिया।



इसका शुभारम्भ दृष्टिबाधित युवा श्रवण कुमार जो कि हडिया चौराहा के निकट अपनी दुकान प्रारम्भ किये है के दुकान पर उक्त सहयोग सामाग्री ओम प्रकाश आर्या प्रधान आर्य समाज–बस्ती के द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर संस्था के निदेशक गोपाल कृष्ण अग्रवाल एवं संस्था के सहयोगी एवं विशेष शिक्षक एवं अनमोल कम्पनी के अधिकारीगण अभय शुक्ल तथा प्रमोद श्रीवास्तव उपस्थित रहे। इनके अतिरिक्ति प्रमुख रूप से चांदनी त्रिपाठी, राम जी शुक्ल, चन्द्रेश्वर प्रसाद मिश्र, विनोद कुमार उपाध्याय, राघवेन्द्र प्रताप मिश्र, राम सुरेश, जीतेन्द्र श्रीवास्तव, श्रीमती पूनम सिंह, श्रीमती अनुसुइया, राज कुमार शुक्ल, राकेश सोनी, अमर सिंह के अतिरिक्त श्रवण कुमार के परिवारजन एवं समुदाय के लोग उपस्थित रहे । सभी ने अनमोल इन्डस्ट्रीज के डायरेक्टर अमन चौधरी की पहल के लिए उन्हे धन्यवाद ज्ञापित किया एवं श्रवण कुमार के दुकान के सफलता की कामना की।

# 10 हजार के लालच में युवा कल्याण अधिकारी ने गंवाए 34.76 लाख, 2 माह में कई बार भेजे रुपये

**संवाददाता–गोरखपुर।** ऑनलाइन फ्रॉड के शिकार हुए जिले के एक अधिकारी अब पैसा वापसी की पुलिस अधिकारियों से गुहार लगा रहे हैं।दस हजार रुपये के गिफ्ट के चक्कर में जिले में तैनात एक युवा कल्याण अधिकारी ऐसे फंसे कि 35 लाख रुपये गंवा दिए। जब कहीं से पैसा देने को नहीं बचा तब जाकर उन्हें साइबर जालसाजी की जानकारी हुई।

अधिकारी का दिमाग जालसाजों ने इस कदर भ्रमित कर दिया कि लालच के चक्कर में 35 लाख रुपये में से 15 लाख तो उन्होंने बैंक से लोन लेकर दे दिया है। पीड़ित अधिकारी ने अब पुलिस में शिकायत की है। साइबर थाने में केस दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। गोरखपुर में क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी के पद पर गोरखपुर के दक्षिणांचल इलाके के एक ब्लॉक में तैनात अधिकारी के मोबाइल पर दो फरवरी को टेलीग्राम पर एक संदेश आया। बताया गया कि दस हजार रुपये लगाकर उससे वे रुपये कमा सकते हैं और गिफ्ट अलग से मिलेगा। इसी लालच में आकर अधिकारी ने पहली बार दस हजार रुपया लगा दिया। इसके बाद उन्हें बदले में दस हजार रुपये बढ़कर मिले।

इसके बाद तो अधिकारी की लालच बढ़ती ही गई। वह रुपया लगाते चले गए। एक बार उन्हें संदेश मिला कि इस बार बहुत बढ़ा गिफ्ट आ गया। उन्होंने खोला तो उसमें तीन लाख रुपये का बाउचर दिखा लेकिन उसे पाने के लिए फिर रुपये डालने को कहा गया। क्योंकि उस वक्त तक वे जितना रुपये जीते थे वह रुपया माइनस में दिखा रहा था। एक बार फिर जालसाज के बुने गए जाल में अधिकारी फंसे और रुपया डाल दिए। कुल मिलाकर 6 अप्रैल तक वह कर्ज लेकर 34 लाख 76 हजार रुपये जालसाज के खाते में भेज दिए और जब भेजने के लिए उनके पास कुछ नहीं बचा तो तब उन्हें ठगी की जानकारी हुई। अब उन्होंने केस दर्ज कराकर रुपये वापसी के लिए पुलिस से सिफारिश की है। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि तहरीर के आधार साइबर थाने में केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पैरामिलिट्री फोर्स की नजर में रहेंगे 383 मतदान केंद्र

**संवाददाता–सिद्धार्थनगर।** लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा से पहले प्रशासन मतदान की तैयारियों को चुस्त दुरुस्त बनाने में जुटा हुआ है। जिले के 383 मतदान केंद्रों पर पैरामिलिट्री फोर्स की निगरानी में मतदान होगा। मतदान के दौरान जिले के 2178 मतदेय स्थलों में से 383 मतदान केंद्रों को संवेदनशील व अति संवेदनशील श्रेणी में चिह्नित किया गया है। लोकसभा क्षेत्र डुमरियागंज के पांचों विधानसभा क्षेत्रों में मतदान के दिन गड़बड़ी की आशंका वाले मतदेय स्थलों को चिह्नित कर लिया है। चुनाव के दौरान इस लोकसभा क्षेत्र में जिले की पांच विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र कपिलवस्तु, बांसी, शोहरतगढ़, डुमरियागंज और इटवा शामिल है। यहां की सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में शांतिपूर्ण व निष्पक्ष ढंग से मतदान प्रक्रिया पूरी कराने के लिए प्रशासन चुनाव कार्यक्रम की घोषणा से पहले ही तैयारी पूरी करने में जुटा है। संवेदन व अतिसंवेदनशील मतदेय स्थलों की पड़ताल कराई गई। इसमें पांचों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 383 संवेदनशील मतदेय स्थलों को चिन्हित किया गया है। उमाशंकर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में सभी पोलिंग बूथों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। संवेदन व अतिसंवेदनशील पोलिंग बूथों की पड़ताल करा ली गई है, ऐसे मतदेय स्थलों पर पैरामिलेट्री फोर्स भी तैनात की जाएगी।

# संचारी रोग नियंत्रण की समीक्षा में दिया निर्देश

**संवाददाता–बस्ती ।** विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 से 30 अप्रैल तथा दस्तक अभियान 10 से 30 अप्रैल 2024 तक संचालित हैं। कलेक्ट्रेट सभागार मे आयोजित समीक्षा बैठक मे मुख्य विकास अधिकारी जयदेव सीएस ने अभियान में नामित सभी विभागों की प्रगति की समीक्षा किया। उन्होने कहा कि इस अभियान के दौरान आशा एवं आगनबाडी कार्यकत्री द्वारा जानकारी घर–घर पहुँचायी जाय तथा रोग के लक्षण दिखाई देने पर नजदीकी सीएचसी/पीएचसी पर ले जाने हेतु प्रेरित करेंगी। साथ ही साथ इण्डिया मार्का हैण्डपम्प का पानी पीने के लिए लोगों को जागरूक करेंगी।

उन्होने कहा कि सुनिश्चित करें कि कही भी जल जमाव की स्थिति उत्पन्न ना हो और पशुबाड़ों के चारों तरफ पर्याप्त साफ–सफाई सुनिश्चित करायें, जिससे वेक्टरजनित रोगों से बचा जा सकें। उन्होने जनपदवासियों से अपील किया है कि अपने घर के आस–पास जलजमाव ना होने दें। जलजमाव के कारण ही वेक्टरजनित मच्छर पनपते है। उन्होने कहा कि इन्ही मच्छरों के काटने से बीमारिया उत्पन्न होती है।

उन्होने हीट वेव के दृष्टिगत सार्वजनिक स्थलों पर वाटरकूलर, प्याऊ जल की व्यवस्था कराये जाने का निर्देश अधिशासी अधिकारी नगरपंचायत व खण्ड विकास अधिकारी को दिया और कहा कि इसका प्रचार–प्रसार भी किया जाय।

उन्होने समीक्षा में पाया कि यूडीएसपी रिपोर्ट लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति खराब है, जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित के खिलाफ स्पष्टीकरण जारी करने का निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को दिया है।

बैठक का संचालन जिला मलेरिया अधिकारी आइ. ए. अंसारी ने किया। इसमें सीएमओ डॉ. आर.एस.दुबे, डीडीओ अजय सिंह, सीएमएस डा. ए.एन. प्रसाद,एसीएमओ डा. ए.के. गुप्ता, डीपीआरओ रतन कुमार, यूनिसेफ के मनोज कुमार श्रीवास्तव, नीलम यादव तथा सभी खण्ड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगरपंचायत व एमओआईसी तथा विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# जयन्ती पर याद किये गये महान गणितज्ञ आर्यभट्ट




संवाददाता–बस्ती । वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर स्थित शिविर कार्यालय में महान गणितज्ञ आर्यभट्ट को उनकी जयन्ती पर याद किया गया। मुख्य अतिथि डा. वी.के. वर्मा ने कहा कि शून्य, पाई का मान, ग्रहों की गति व ग्रहण, बीजगणित, अनिश्चित समीकरणों के हल, अंकगणित व खगोल विज्ञान के क्षेत्र में आर्य भट्ट का योगदान सदैव याद किया जायेगा। बताया कि आर्यभट्ट का जन्म 476 ईस्वी, पाटलिपुत्र (वर्तमान पटना, भारत) में हुआ था। इनके पता का नाम श्री बंडू बापू आठवले था। देश के प्रथम स्वनिर्मित कृत्रिम उपग्रह का नाम 'आर्यभट्ट" रखा गया। यह नाम उस प्रतिभा को सम्मान देने के लिए रखा गया जिन्होने कॉपरनिकस से भी हजार वर्ष पूर्व यह बात कह दी थी कि पृथ्वी सूर्य के चारों ओर चक्कर काटती है। कार्यक्रम में पं. चन्द्रबली मिश्र, बी. के. मिश्र, विनोद कुमार भट्ट ने कहा कि आर्यभट्ट भारतीय गणितज्ञ व नक्षत्र विज्ञानी थे। गुप्तकाल में साहित्य, कला, विज्ञान व ज्योतिष के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हुई। आर्यभट्ट का कर्मक्षेत्र था 'कुसुमपुर' जिसे आजकल पटना के नाम से जाना जाता है। उस समय इतिहास लेखन की ओर विशेष ध्यान नहीं दिया जाता था इसलिये उनके जन्म–विषय में हमें प्रमाणिक जानकारी नहीं मिलती। उनका योगदान अनूठा है। कार्यक्रम का संचालन करते हुये समिति के महामंत्री एवं वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम प्रकाश शर्मा ने कहा कि आर्य भट्ट ने "आर्य भट्टीय" ग्रंथ की रचना की तो उस समय उनकी आयु मात्र तेईस वर्ष थी। इसमें प्राचीन ज्योतिष ग्रंथों का सार संकलन तो है ही, साथ ही अनेक नवीन खोजों का सार भी प्रस्तुत किया गया है। उन्होने कहा कि आर्य भट्ट विश्व के महान वैज्ञानिक थे। आईसांटाइन ने भी इसे स्वीकार किया है। अध्यक्षता करते हुये वरिष्ठ साहित्यकार डा. रामकृष्ण लाल 'जगमग' ने कहा कि बीजगणित में भी सबसे पुराना ग्रंथ आर्यभट्ट का है। आर्यभट्ट ने दशमलव प्रणाली का विकास किया। गणित के जटिल प्रश्नों को सरलता से हल करने के लिए उन्होंने ही समीकरणों का आविष्कार किया, जो पूरे विश्व में प्रख्यात हुआ। एक के बाद ग्यारह शून्य जैसी संख्याओं को बोलने के लिए उन्होंने नई पद्धति का आविष्कार किया। कार्यक्रम में डा. राजेन्द्र सिंह 'राही' दीपक सिंह प्रेमी, डा. अजीत श्रीवास्तव राज, ओम प्रकाश , प्रदीप श्रीवास्तव, ओम प्रकाश धर द्विवेदी, सामईन फारूकी, दीनानाथ यादव, गणेश, विकास शर्मा, पं. सदानन्द शर्मा, महेश चन्द्र शर्मा, राधेश्याम, आचार्य छोटेलाल वर्मा, अजय कुमार, राम उजागिर वर्मा, कृष्ण चन्द्र पाण्डेय, शाद अहमद 'शाद' के साथ ही अनेक लोग उपस्थित रहे।

# सिनेमाहाल में लघु फिल्म दिखा मतदान के लिए प्रेरित किए जाएंगे दर्शक



संवाददाता–महराजगंज। लोकसभा निर्वाचन के स्वीप कार्यक्रम के तहत उप जिला निर्वाचन अधिकारी एडीएम डॉ. पंकज कुमार वर्मा ने सिटी मिनी प्लेक्स सिनेमा में मतदाता जागरूकता लघु फिल्म के प्रसारण का उद्घाटन किया। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए डीएम के निर्देश पर यह लघु फिल्म फिल्म शुरू होने के पहले जिले के सभी सिनेमा घरों में प्रदर्शित किया जाएगा। चुनाव आयोग ने प्रत्येक मतदाता को वोट देने के लिए प्रेरित करने के लिए वीडियो गीत तैयार किया है। संगीतबद्ध किए गए इस प्रेरणादायक गीत मैं भारत हूं भारत है मुझमें, हम भारत के मतदाता हैं। मतदान देने जाएंगे भारत के लिए को खूबसूरती से गाया व फिल्माया गया है। इसमें कई कलाकारों ने बेहतरीन अभियन किया है। इसे देखने के बाद मतदाता होने की सुखद अनुभूति हो रही है। डीएम अनुनय झा के निर्देश पर मंगलवार को अपर जिलाधिकारी डॉ. पंकज कुमार वर्मा ने एसडीएम सदर रमेश कुमार, एसडीएम फरेंदा नवीन कुमार, एसडीएम नौतनवा नंद प्रकाश मौर्या, जिला सूचना अधिकारी प्रभाकर मणि त्रिपाठी, ईओ नगर पालिका आलोक कुमार मिश्रा आदि के साथ मतदाता जागरूकता पर आधारित यह लघु फिल्म का प्रसारण सिटी मिनी प्लेक्स महुअवा में देखा। एडीएम ने मतदाता जागरूकता में सहयोग के लिए मिनी सिने प्लेक्स सिनेमा के प्रोपराइटर राकेश गुप्ता का आभार व्यक्त किया और प्रतिदिन लघु फिल्म के प्रसारण का अनुरोध किया। इससे पूर्व सिने प्लेक्स के मालिक राकेश गुप्ता ने अपर जिलाधिकारी सहित सभी अधिकारियों का स्वागत किया। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार से जनपद के सिनेमा हालों में मतदाता जागरूकता पर आधारित इस अति लघु फिल्म का प्रसारण किया जाएगा। ताकि फिल्म देखने आने वाले दर्शक न सिर्फ स्वयं मतदान के प्रति जागरूक बनें, बल्कि अन्य लोगों को भी प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि मिनी सिने प्लेक्स की ओर से हमे आश्वासन दिया गया है, कि प्रतिदिन इस मतदाता जागरूकता फिल्म का प्रसारण प्रत्येक शो के पहले किया जाएगा।

# डायरिया के चपेट में मासूम, 31 बेड पर 70 मासूम भर्ती



संवाददाता–महराजगंज। बदले मौसम में विशेषकर बच्चों की देखभाल में थोड़ी सी लापरवाही भारी पड़ सकती है। हालत ये हो गया है कि बच्चे बहुत जल्द डायरिया के चपेट में आ रहे हैं। इसकी तस्दीक जिला अस्पताल के आईसीयू में भर्ती मासूम कर रहे हैं। 31 बेड पर 70 मासूमों को भर्ती कर इलाज दिया जा रहा है। इसमें सबसे अधिक 51 डायरिया के पीड़ित शामिल हैं। एक तीन दिन से तेज धूप के साथ लू–चल रहा है। लू के थपेड़ों से घर से दोपहर में बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। शाम को उमस भरी गर्मी हो रही हैं। शाम ढ़लते ही मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। प्रतिरोधक क्षमता कम होने के चलते बदले मौसम व मच्छर से बच्चे बहुत जल्द फीवर और उल्टी–दस्त के चपेट में आ रहे हैं। जिला अस्पताल में दोपहर 838 मरीजों में 458 डायरिया और फीवर के पीड़ित शामिल रहे। प्राथमिक इलाज के बाद हालत में सुधार होने पर 440 मासूमों को घर भेज दिया गया। लेकिन 18 मासूमों को भर्ती करना पड़ा। एक साथ 18 मासूम भर्ती होने से अस्पताल का आईसीयू ओवरलोड हो गया। 31 बेड पर 70 मासूम भर्ती हैं। इसमें 51 उल्टी–दस्त और 19 फीवर से पीड़ित शामिल हैं। आईसीयू में भर्ती उल्टी–दस्त से पीड़ित मासूमों के शरीर में पानी की कमी को पूरा करने के लिए उन्हें ड्रीप पर रखा गया है। ऐसे में एक दिन में करीब 150 ड्रीप की खपत हो रही हैं। मासूम के शरीर में पानी की कमी पूरा होने तक ड्रीप लगाने की सलाह दी गई है।

सीएमएस ने कहा कि जिला अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. विशाल चौधरी ने बताया कि बदले मौसम में बच्चों का स्वास्थ्य तेजी से प्रभावित हो रहा है। सावधानी बरत बच्चों को बीमार होने से बचाया जा सकता है। बहुत जरूरी होने पर बच्चों को घर से बाहर निकलने दिया जाय। लू से बचाएं। खुले में बिक रहे खाद्य सामग्रियों से दूर रखे। ताजा भोजन दें। मच्छरदानी का प्रयोग करें। साफ–सफाई से स्तनपान कराएं। हर दो घंटे पर बच्चों को पानी देते रहें। स्वास्थ्य प्रभावित होने पर तत्काल डॉक्टर के पास ले जाएं।

डॉ. एपी भार्गव, सीएमएस ने कहा कि बदले मौसम में मरीजों में इजाफा हो गया है। बच्चों का स्वास्थ्य तेजी से प्रभावित हो रहा है। अस्पताल का आईसीयू ओवरलोड हो गया है। दवा स्टाक करने के साथ ही स्टाफ नर्सो को भर्ती मरीजों की बेहतर देखभाल का निर्देश दिया गया है।

# ग्यारह हजार बत्ती से उतारी गई भगवान की आरती



संवाददाता–अयोध्या। श्री राघव मंदिर में महंत कुलदीप दास के संयोजन में भगवान का जन्मोत्सव मनाया गया मंदिर को फूलों से सजाया गया और 11 हजार बत्ती से भगवान की आरती हुई। अयोध्या में इस वर्ष का जन्मोत्सव सबसे अलग था सुगंधित मनोहरी वातावरण में जन्मोत्सव मनाया जा रहा था और हर मंदिर के महंत अपने–अपने तरीके से भगवान को रिझाने में लगे थे क्योंकि अयोध्या जिन प्रभु श्री राम से जानी जाती है उनके जन्म स्थान पर उनका निजी भव्य भवन बनकर तैयार हो गया था और वह उसमें प्रतिष्ठित भी हो गए थे। श्री राघव मंदिर के महंत कुलदीप दास महाराज ने बताया कि हम लोग गुरु परंपरा और मंदिर परंपरा के अनुसार प्रत्येक वर्ष भगवान का जन्मोत्सव मानते हैं और यह सदियों से चला रहा है लेकिन इस वर्ष जो उल्लास था वह सदियों बाद दिखाई दिया। मंदिर परिसर में चौत्र प्रतिपदा से अनुष्ठान प्रारंभ हो गया था, नवाहपारायण के साथ बधाई गीत प्रतिदिन हो रहा था। जन्मोत्सव के दिन ब्रह्म मुहूर्त में ही भगवान का अनुष्ठान प्रारंभ हुआ पहले अभिषेक किया गया नवीन वस्त्र धारण कराया गया मंदिर को फूलों से सजाया गया ठाकुर जी को फूल बंगले में विराजमान किया गया और भगवान के जन्म के बाद 11 हजार बत्ती से आरती उतारी गई और प्रसाद वितरण किया गया। मंदिर परिसर में देश के कोने–कोने से आए श्रद्धालु गदगद थे क्योंकि उन्हें भव्य मंदिर में रामलला का दर्शन भी प्राप्त हो गया।

# चुनाव ड्यूटी में लगी महिलाओं के लिए होगी सुविधा, गोंडा में बच्चों की देखभाल करेगा प्रशासन, रात में भी रुकने की रहेगी व्यवस्था




संवाददाता–गोण्डा। डीएम नेहा शर्मा ने लोकसभा चुनाव 2024 में ड्यूटी कर रही महिला कर्मचारियों के लिए एक अनूठी पहल की है। पोलिंग पार्टी में सम्मिलित ऐसी महिला कर्मचारी जिसके बच्चे छोटे हैं। उनको संभालने की जिम्मेदारी अब जिला प्रशासन उठाएगा। इसके लिए जिले और तहसील मुख्यालयों पर क्रेश की व्यवस्था की जा रही है। यह व्यवस्था 19 और 20 मई के लिए की गई है। खास बात यह है कि इन क्रेश में बच्चों के लिए रात में रुकने की भी व्यवस्था की जाएगी। यह पहली बार है। जब जिले में इस तरह की पहल की गई है। जिलाधिकारी की ओर से गुरुवार को इस संबंध में आदेश जारी कर दिए गए हैं। जिले में आगामी 20 मई को लोक सभा के लिए मतदान सम्पन्न होना है। इस दौरान 15 हजार से ज्यादा कर्मचारी मतदान कराने की जिम्मेदारी संभालेंगे। समस्त पोलिंग पार्टी अपने अपने बूथ पर 19 मई को पहुंच जाएंगी। मतदान के उपरान्त 20 मई को सांयकाल रात्रि में मुख्यालय वापस पहुंचेंगी। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि पोलिंग पार्टी में कई ऐसी महिला कर्मचारी भी सम्मिलित हैं। जिनके बच्चे छोटे हैं। निर्वाचन ड्यूटी के दौरान उनके बच्चों की देखरेख के लिए जिला मुख्यालय और तहसील मुख्यालय पर 19 और 20 मई के लिए पालन घर स्थापित करने का निर्णय लिया गया। इन क्रेश में छोटे बच्चों को रखने, उनकी देखभाल से लेकर खानपान से संबंधित सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि क्रेश को ऐसी जगह पर स्थापित कराया जाएगा, जहां पेयजल, विद्युत, प्रसाधन आदि संबंधित मूलभूत सुविधाएं अच्छी स्थिति में हों। प्राइवेट स्कूल को इसमें शामिल किया जा सकता है। यहां एक चतुर्थी श्रेणी महिला कर्मचारी के साथ आंगनबाड़ी सहायिकाओं की तैनाती किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बाल विकास विभाग के सुपरवाइजर्स एवं बेसिक शिक्षा विभाग से निर्वाचन दायित्व से मुक्त महिला टीचर्स इसकी देखरेख करेंगी। जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और जिला कार्यक्रम अधिकारी को इस संबंध में व्यवस्था सुनिश्चित कर तीन दिन में रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं।

डाक पंजीकरण संख्या बी.एस.टी.62 R.N.I. 40367/84

साप्ताहिक

आवाज दर्पण

प्रत्येक रविवार

स्वत्वाधिकारी भारतीय बस्ती प्रकाशन की ओर से प्रकाशक एवं सम्पादक दिनेश चन्द्र पाण्डेय द्वारा 70 नया हाल जिला परिषद भवन गांधीनगर बस्ती (उ.प्र.) से प्रकाशित और मुद्रक प्रदीप चन्द्र पाण्डेय द्वारा दर्पण प्रिन्टिंग प्रेस 70 नया हाल जिला परिषद भवन गांधीनगर बस्ती (उ.प्र.) से मुद्रित।

सम्पादक–दिनेश चन्द्र पाण्डेय

प्रबन्ध सम्पादक–दिलीप चन्द्र पाण्डेय

मो.०९४५०५६७४५०

Email- Awazdarpan@yahoo.com